mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-211 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

02 अगस्त 2025 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

दैनिक मीडिया ऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगाढ़ से एक साथ प्रकाशित



ओवल टेस्ट से पहले

@ पेज 7

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर में 2 अगस्त को 4 औद्योगिक इकाइयों का करेंगे भूमि–पूजन

**भोपाल, (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 अगस्त शनिवार को सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1406 करोड़ रूपये निवेश करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी वितरित करेंगे। जिससे यहां लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा। इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में 1165 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। इन इकाइयों में सीहोर जिले में लगभग 1406 करोड़ रूपये का निवेश होगा और 854 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जिन औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन होगा उनमें वान्यावेदा ग्रीन्स जो (झिलेला) सीहोर में 20.020 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 115 करोड़ रुपये के निवेश से खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित होगी, जिससे 100 लोगों को रोजगार मिलेगा।

इसी प्रकार बारमॉल्ट माल्टिंग इंडिया प्रा.लि. (बड़ियाखेड़ी फेस.2) 10.250 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 400 करोड़ रुपए के निवेश से देश की सबसे बड़ी माल्ट निर्माता कंपनी की इकाई



स्थापित होगी, जिससे 350 लोगों को रोजगार मिलेगा। सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लि. (जहांगीरपुरा) सीहोर में 18.260 हेक्टेयर में 888 करोड़ रुपए के निवेश से एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसफार्मर इकाई स्थापित होगी, जिसमें 394 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज (बड़ियाखेड़ी) सीहोर 0.476 हेक्टेयर में 3 करोड़ रुपए के निवेश से खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित होगी, जिससे 10 लोगों को रोजगार मिलेगा।मुख्यमंत्री डॉ यादव सीहोर में 6 औद्योगिक इकाइयों को आशय पत्र वितरित करेंगे, जिनमें आरटीडीबी इंडस्ट्रीज, स्वाति सोनी, संजय कुमार, अमित मूंदड़ा, प्रकाश पैकेजिंग और आरना वेंचर्स शामिल हैं। इन इकाइयों द्वारा सीहोर जिले में लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा और 311 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## कानपुर में जनसाधारण एक्सप्रेस की 2 बोगी पटरी से उतरी

**कानपुर, (एजेंसी)।** कानपुर में जनसाधारण एक्सप्रेस की 2 बोगी भाऊपुर (पनकी) में पटरी से उतर गई। ट्रेन मुजफ्फरपुर से अहमदाबाद जा रही थी। इंजन से 6वीं और 7वीं जनरल बोगी डिरेल हुई। अचानक ट्रेन को झटका लगने के बाद पीछे की बोगियां एक तरफ टेढ़ी होने लगीं। इसके बाद यात्री ट्रेन से कूदने लगे। चीख–पुकार मच गई। लोग एक–दूसरे की मदद करने के लिए दौड़ते हुए दिखे। महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे के बाद 9 ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया। लखनऊ से नई दिल्ली के बीच चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को वापस लखनऊ भेजना पड़ा। अब इसे दूसरे रूट से मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही डीआरएम समेत रेलवे के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। एक समिति का गठन किया गया है, जो हादसे की वजह पता करेगी। आधिकारिक रूप से किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

## आरोप- सांसदों को रोकने के लिए राज्यसभा में कमांडो बुलाए

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र का शुक्रवार को 10वां दिन था। बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राज्यसभा में सदस्यों को रोकने के लिए कमांडो बुलाए गए। यह लोकतंत्र के इतिहास काला दिन है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, आज कमांडो तैनात किए गए। कोई कह रहा है कि यह सीआईएसएफ है, कोई कुछ और कह रहा है। उन जवानों ने सदस्यों को स्टाफ से मिलने से रोका। हमारी महिला सदस्यों को पुरुषों जवानों ने रोका। जिस तरह से सदन के बाहर से लोगों को बुलाया गया और सांसदों को जबरदस्ती वेल में जाने से रोका गया, यह आपत्तिजनक है। सब कुछ कैमरे में कैद है। कांग्रेस के इस आरोप पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मुझे जो जानकारी मिली है। उसके मुताबिक कुछ सदस्य हंगामा करते हुए आक्रामक हो गए थे। सिर्फ उन्हें रोका गया था। उधर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को लेटर लिखा है।


## उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को होगा। 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन भरे जाएंगे। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 जुलाई को धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। रिपोर्ट्स के अनुसार, भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन की ओर से कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत या सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर उपराष्ट्रपति कैंडिडेट हो सकते हैं।

## पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना रेप मामले में दोषी करार

**मैसूरु, (एजेंसी)।** बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोते प्रज्वल रेवन्ना को मेड से रेप मामले में दोषी ठहराया। कोर्ट शनिवार को सजा सुनाएगी। कोर्ट का फैसला आने के समय रेवन्ना भावुक दिखा और बाहर निकलते वक्त रो पड़ा। रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की एक महिला ने पिछले साल अप्रैल में उसके खिलाफ स्त्रडूक्र दर्ज कराई थी। उसने रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

## भागवत बोले- संस्कृत सभी भाषाओं की जननी



**नागपुर, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। अब समय आ गया है कि इसे बोलचाल की भाषा बनाया जाए। नागपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संस्कृत को केवल समझना नहीं, बोलना भी आना चाहिए। भागवत ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकार का सहयोग तो मिलेगा ही लेकिन असली जरूरत लोगों के सहयोग की है। उन्होंने माना कि वे संस्कृत जानते हैं लेकिन धाराप्रवाह बोल नहीं पाते। उन्होंने कहा कि संस्कृत को हर घर तक पहुंचाना होगा और इसे बातचीत का माध्यम बनाना पड़ेगा।

संघ चीफ ने कहा कि आज देश में आत्मनिर्भर बनने की भावना पर आम सहमति है, लेकिन इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान को विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि भाषा केवल शब्दों का माध्यम नहीं, बल्कि भाव होती है और हमारी असली पहचान भी भाषा से ही जुड़ी होती है। यह संस्थान संस्कृत को जीवंत रखेगा भागवत ने कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में अभिनव भारती अंतरराष्ट्रीय अकादमिक भवन का उद्घाटन किया।

## केजरीवाल बोले-बड़ा नेता पकड़ा तो बीजेपी-कांग्रेस आंसू बहा रही

**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** पंजाब के स्कूलों में अब नशा मुक्ति विषय को लेकर कक्षाएं लगेगी। प्रदेश में 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को नशे से बचने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। हर 15 दिन में 35 मिनट की एक कक्षा के माध्यम से बच्चों को फिल्मों, क्विज और खेलों के जरिए सिखाया जाएगा कि उन्हें नशों से दूर क्यों और कैसे रहना चाहिए। इस पहल की शुरुआत आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा की गई है। इस मौके सीएम ने कहा कि शुरुआत सिलेबस की सरकारी स्कूलों से की गई। इसके बाद इसे प्राइवेट स्कूल और कॉलेजों में पढ़ाया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि हमने नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में एक बड़े नेता पर कार्रवाई की है। उसे जेल में डाला है। कांग्रेस, बीजेपी और अकाली दल के नेता उसके समर्थन में उतर आए हैं। वे कह रहे हैं कि उसके साथ गलत हुआ है। बीजेपी और कांग्रेस के नेता आंसू बहा रहे हैं, और अकाली दल के लोग हमें गालियां दे रहे हैं। वहीं, कार्यक्रम के आखिर में सीएम भगवंत मान ने सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई।

## अमृतसर में हथियारों की बड़ी खेप पकड़ी

**अमृतसर, (एजेंसी)।** अमृतसर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने पाकिस्तान से हो रही अवैध हथियार तस्करी के दो नेटवर्क (मॉड्यूल) का भंडाफोड़ किया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान के तस्करों के संपर्क में थे और भारत–पाक सीमा के पास से हथियारों की खेप मंगवाते थे। इन हथियारों का इस्तेमाल




गैंगवार और इलाके की शांति भंग करने के लिए किया जाना था।

पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में सिकंदरजीत सिंह, प्रदीप सिंह उर्फ बब्बी, जर्नैल सिंह और एक किशोर शामिल हैं। इनके पास से 7 पिस्तौल (एक ग्लॉक समेत), 6 जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

## यूट्यूबर ज्योति बोली- बर्थडे जेल से बाहर आकर ही मनाऊंगी

**हिसार, (एजेंसी)।** हरियाणा के हिसार से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का आज, 1 अगस्त को 35वां बर्थडे है। पिछली बार ज्योति ने गुरुग्राम के फाइव स्टार होटल में जन्मदिन मनाया था। इस बार पिता हरीश मल्होत्रा ने ज्योति से मुलाकात की।

इस बारे में हरीश मल्होत्रा ने कहा कि वह बीते मंगलवार बेटी से मिले थे। तब उन्होंने ज्योति से पूछा कि तुम्हारा जन्मदिन आ रहा है बताओ क्या करना है। इस पर ज्योति ने कहा कि मैं जेल में अपना जन्मदिन थोड़ा ना मनाउंगी।

इसके जवाब में पिता ने कहा कि पैसे की कोई बात नहीं, अगर यहां कुछ खाना–पीना करना है तो कर लेना। मगर, ज्योति ने कहा कि मुझे जेल से बाहर आना है। इसके बाद ही मैं कुछ करूंगी।

ज्योति पिछले साल अपने जन्मदिन से पहले अप्रैल में पाकिस्तान गई थी। इसके बाद ज्योति ने सितंबर में थाईलैंड के पटाया शहर की जर्नी की थी। आपरेशन सिंदूर के बाद ज्योति पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप लगे थे

## हरियाणवी फहराएगा यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा

**रेवाड़ी, (एजेंसी)।** हरियाणा के पर्वतारोही नरेंद्र यादव यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस को तीसरी बार फतह करने जा रहे हैं। रूस में मौजूद माउंट एल्ब्रुस की ऊंचाई समुद्र तल से 18,510 फीट है। इस अभियान के लिए वे 6 अगस्त को भारत से रूस रवाना होंगे, जहां वे विश्व के अन्य पर्वतारोहियों के साथ जुड़ेंगे।

खास बात ये है कि इस अंतरराष्ट्रीय टीम का नेतृत्व नरेंद्र ही करेंगे और 15 अगस्त यानी भारत की आजादी के दिन एल्ब्रुस की चोटी पर तिरंगा फहराएंगे। नरेंद्र अब तक माउंट एल्ब्रुस को साल 2017 और 2023 में फतह कर चुके हैं। तीसरी बार इस उपलब्धि को हासिल करते ही यादव सबसे अधिक बार माउंट एल्ब्रुस पर चढ़ने वाले पहले भारतीय बनेंगे, जो रिकॉर्ड होगा।

मूल रूप से रेवाड़ी जिले के गांव नेहरूगढ़ के रहने वाले नरेंद्र यादव की मौसेरी बहन पद्मश्री संतोष यादव भी दो बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला हैं। नरेंद्र की यह उपलब्धियां इसलिए भी खास हैं, क्योंकि आज से 4 साल पहले पर्वतारोहण के दौरान फ्रॉस्टबाइट (एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर का कोई अंग अत्यधिक ठंड के कारण जम जाता है) का शिकार हो गए थे।

## इंडियन इकोनॉमी डेड पर थरूर ने राहुल का बयान नकारा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इंडियन इकोनॉमी डेड मामले पर राहुल गांधी के बयान को नकारा है। संसद परिसर में शुक्रवार को मीडिया ने थरूर से पूछा कि क्या भारत की इकोनॉमी डेड हो चुकी है? इस पर उन्होंने जवाब दिया– नहीं ऐसा बिल्कुल नहीं है, सभी को पता है।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताया था। इसपर राहुल ने कहा था– मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है।

राहुल ने कहा था– पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडाणी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय

**रायपुर, (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को 1 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी।



## अधिकारों को लेकर बढ़ती जागरूकता का असर, लगातार उपभोक्ता फोरम पहुंच रहे लोग

**रायपुर, (एजेंसी)।** महज छह रुपये के नुकसान को लेकर भी लोग उपभोक्ता फोरम तक पहुंच रहे हैं और न्याय मिलने तक पीछे नहीं हट रहे। ग्राहकों की सजगता और अधिकारों को लेकर बढ़ती जागरूकता का यह नतीजा है कि वे अब किसी भी तरह की धोखाधड़ी या सेवा में लापरवाही को नजरअंदाज नहीं कर रहे हैं। रायपुर जिला उपभोक्ता फोरम में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें बेहद मामूली रकम के लिए भी उपभोक्ताओं ने शिकायत दर्ज कराकर न्याय प्राप्त किया।

रायपुर के पंडरी निवासी भूपेंद्र सिंह ने 2019 में पंडरी के एक दुकान से 583 रुपये का सामान लिया। इसमें कैरी बैग के भी छह रुपये उनसे वसूले गए। बिलिंग काउंटर पर उन्होंने बैग के पैसे देने से मना कर दिया।

## बिहार वोटर वेरिफिकेशन-ईसी ने जारी की नई लिस्ट

**पटना, (एजेंसी)।** बिहार में चुनाव आयोग ने शुक्रवार को नई वोटर लिस्ट जारी कर दी है। इसे सभी 38 जिलों के डीएम के साथ राजनीतिक पार्टियों से साझा किया गया है। नई लिस्ट इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर पब्लिश हो गई है। बिहार में कुल 65 लाख वोटर्स के लिस्ट से नाम कटे हैं। नई लिस्ट प्रदेश में चलाए गए घर–घर मतदाता सत्यापन अभियान के आधार पर तैयार की गई है। मतदाता को वोटर लिस्ट में नाम जुड़ने, हटने या गलत जानकारी को लेकर शिकायत है, तो उन्हें सुधार का एक मौका मिलेगा। इसे लेकर 2 अगस्त से एक सितंबर 2025 तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां मतदाता अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करवा सकेंगे। राजद के हेडक्वार्टर इंचार्ज मुकुंद सिंह ने बताया कि, 65 लाख 6 हजार 375 नाम काट दिए गए हैं। ये नाम ड्राफ्ट होकर नहीं आए हैं। आज सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधित्व के साथ निर्वाचन आयोग ने बैठक की थी। किशनगंज की चारों विधानसभा में लगभग 1,45,913 कुल मतदाता का नाम लिस्ट में नही है। इसमें मृतक, पलायन कर चुके, लापता या डुप्लीकेट (2–2 जगह) नाम वाले मतदाता शामिल हैं।

## राहुल बोले– चुनाव अधिकारी वोटों की चोरी कर रहे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले 9 दिनों में चुनाव आयोग के अधिकारियों को दूसरी बार धमकाया है। शुक्रवार को संसद से बाहर निकलने पर राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं। चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ निकालेंगे। इससे पहले 24 जुलाई को राहुल ने कहा था कि मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे। चुनाव आयोग ऐसे निराधार आरोपों को नजरअंदाज करता है। लगातार दी जा रही धमकियों के बावजूद, हम सभी चुनाव अधिकारियों से कहना



चाहते हैं कि वे पहले की तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करें। गैरजिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करें।

राहुल ने आगे कहा कि मैं इसे हल्के में नहीं, बल्कि सौ प्रतिशत प्रमाण के साथ कह रहा हूं। जैसे ही हम इसे जारी करेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए वोट चुराने का काम कर रहा है। हमें मध्य प्रदेश चुनाव, लोकसभा चुनाव में शक था, महाराष्ट्र चुनाव के दौरान हमारा शक और बढ़ गया।

## वॉय.ए.आई. पांचवीं सिकंदराबाद क्लब टिस्कॉन यूथ ओपन रेगाटा 2025

**भोपाल।** वॉय.ए.आई. पांचवीं सिकंदराबाद क्लब टिस्कॉन यूथ ओपन रेगाटा 2025 का आयोजन हुसैन सागर झील हैदराबाद में 25 से 30 जुलाई तक किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने हुसैन सागर झील में अपने धैर्य, साहस और खेल कौशल के साथ तेज हवाओं के चलते कड़ी स्पर्धाओं को चुनौती देते हुये 1 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य सहित 5 पदक अर्जित कर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया। सेलिंग की इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न स्थानों से आये प्रतिभावान खिलाड़ियों के बीच कड़ी स्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता के इन रोमांचक मुकाबलों में राज्य खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, धैर्य और शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन कर 5 पदक प्राप्त करने में सफलता अर्जित की।

## एम.पी. ट्रांसको देवास में हुआ सी.पी.आर. प्रशिक्षण सत्र

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा देवास व आसपास के सब-स्टेशनों में तैनात आउटसोर्स कर्मियों सहित अन्य कार्मिकों के लिए सी.पी.आर. (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) और आपातकालीन चिकित्सा तकनीकों पर केंद्रित एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन सिविल हॉस्पिटल देवास में किया गया। डॉ. बी.आर. शुक्ला (मेडिसिन विशेषज्ञ) और डॉ. कुलदीप एवं उनकी टीम द्वारा कर्मचारियों को जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा के व्यावहारिक गुर सिखाए गए।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सी.पी.आर. की तकनीकी जानकारी और उसका लाइव प्रदर्शन दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि हृदयगति रुकने की स्थिति में शुरुआती तीन मिनट के भीतर दी गई सी.पी.आर. सहायता से मरीज के जीवित बचने की संभावना तीन गुना तक बढ़ जाती है। डॉ. शुक्ला ने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी होनी चाहिए, सी.पी.आर. जैसी सरल विधि भी किसी की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। बिजली व्यवस्था से जुड़े स्टाफ अगर यह ज्ञान रखते हैं तो वे केवल अपने परिवार ही नहीं, समाज के लिए भी मददगार बन सकते हैं।

स्वास्थ्य शिविर में देवास, चापड़ा, सोनकच्छ, शंकरगढ़, बरोठा, मक्सी, किशनगढ़ सहित 9 सबस्टेशनों के आउटसोर्स कर्मियों सहित लगभग 40 कर्मियों ने हिस्सा लिया।

## प्रधानमंत्री 2 अगस्त को किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त वितरित करेंगे

**भोपाल।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा है कि 2 अगस्त को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत देश भर के किसानों को 20वीं किश्त का वितरण किया जाएगा। इस दिवस को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम वाराणसी उत्तरप्रदेश में होगा। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में कृषि विज्ञान केन्द्र, मंडी, एफपीओ, पीएसीएस पर पीएम किसान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा।

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि इस अवसर पर अधिक से अधिक किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि अपने जिले/विकासखण्ड में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करें।

# सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, लोगों की जान बचाने का आव्हान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सर्वोच्च न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जस्टिस श्री अभय मनोहर सप्रे ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आव्हान किया है। उन्होंने मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक की। जस्टिस श्री सप्रे ने बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों से आम आदमी के जीवन को सुरक्षित रखने का दायित्व निभाने की अपील भी की। उन्होंने सड़क सुरक्षा की गंभीरता के दृष्टिगत अधिकारियों को सलाह और मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि स्वीडन में सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत अच्छा काम हुआ है। वैसा काम हमारे देश में और मध्यप्रदेश में हम भी कर सकते हैं। सड़क दुर्घटना से प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु होती है। उनके जीवन को बचाने के लिए मिशन की शुरूआत मध्यप्रदेश से की है। उन्होंने बताया कि रोड सेफ्टी की मैदानी स्थिति जानने के लिए वे सड़क से ही अपनी यात्रा कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के लिए दीर्घकालीन एवं तात्कालिक नीति तैयार की जाकर



क्रियान्वयन किया जाये। अच्छे काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाये तथा खराब सड़क बनाने वालों को ब्लैक लिस्ट करें। सड़कों पर इतनी सुरक्षा होनी चाहिये कि एक भी व्यक्ति की जान नहीं जाये। जस्टिस सप्रे ने अधिकारियों से कहा कि लोगों की जान बचाने की आपको जिम्मेदारी दी गयी है और इस कार्य पर सुप्रीम कोर्ट पूरे समय ध्यान दे रहा है।

जस्टिस सप्रे ने कहा कि जैसे मध्यप्रदेश के इंदौर ने स्वच्छता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वैसे ही प्रदेश के शहर सड़क सुरक्षा में अपना स्थान बनायेंगे। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की है कि प्रदेश के अधिकारी लोगों की जान बचाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेंगे।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि भारत सरकार की ही तरह तात्कालिक एवं दीर्घकालीन उपाय प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू किये जायेंगे। प्रदेश के 9 जिलों में सड़क सुरक्षा के लिए आई.आई.टी. मद्रास की मदद ली जायेगी और बाद में 6 और जिलों में यह किया जायेगा। सड़क सुरक्षा के लिए सभी एजेंसियों में समन्वय स्थापित किया जायेगा। पुलिस, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की टीम बनायी गयी है। इंजीनियरों को केपिसिटी बिल्डिंग के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा सड़कों एवं ब्रिज की मरम्मत की जायेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि हर जिले मे आटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन शुरू किया जायेगा। ड्राइविंग इंस्टीट्यूट की संख्या बढ़ायी जायेगी। यातायात नियमों का पालन कराया जायेगा। लोगों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। सभी वाहनों का इंश्योरेंस किया जायेगा। चालान जनरेशन एवं पेमेण्ट सिस्टम दुरूस्त किया जायेगा। सड़क दुर्घटना में गोल्डन ऑवर में जान बचाने के प्रयास किये जायेंगे।

## मध्यप्रदेश में पहली बार बीएमएचआरसी में एआई की मदद से होगा मानसिक बीमारियों का इलाज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की मदद से मानसिक रोगियों की जांच और उपचार किया जाएगा। इसके लिए एआई के क्षेत्र में काम करने वाली कनाडा की कंपनी आरेंज न्यूरोसाइंसेज़ और बीएमएचआरसी ने एक समझौता किया है। गुरुवार को बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक मनीषा श्रीवास्त्व और आरेंज न्यूरोसाइंसेज़ के अध्यक्ष विनय सिंह ने इस पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत बीएमएचआरसी और आरेंज न्यूरोसाइंसेज़ इन एआई टूल्स की मदद से



मानसिक रोग के क्षेत्र में रिसर्च भी करेंगे। इस तरह बीएमएचआरसी मध्यप्रदेश का पहला और एकमात्र संस्थान बन गया है, जहां एआई की मदद से मनोरोगियों की जांच और उपचार होगा।

प्रभारी निदेशक डा मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि पूरी दुनिया में मानसिक रोगियों की पहचान और उपचार के लिए अब तक परंपरागत तरीकों जैसे बातचीत करना, फार्म भरना, काउंसलिंग करना आदि का प्रयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया के जरिये कई बार मरीज को होने वाली मानसिक बीमारी या समस्या की पहचान करने में ही काफी वक्त लग जाता है।

## मध्य प्रदेश में 14 अगस्त से प्रदेश में दौड़ने लगेंगी नई डॉयल-100

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पांच वर्ष की प्रतीक्षा के बाद प्रदेश में नई डायल 100 गाड़ियां 14 अगस्त से दौड़ने लगेंगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव गाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे। गाड़ियां आने के बाद उनका ट्रायल भी पूरा हो गया है। पहले चरण में 1200 गाड़ियां चलेंगी। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में बोलेरो और शहरी क्षेत्र में स्कार्पियो एन चलाई जाएंगी। नई गाड़ियां होने से शहरी क्षेत्र में पुलिस पांच से 10 मिनट में घटना स्थल पर पहुंच सकेगी। हालांकि, टेंडर में इसके लिए कोई न्यूनतम समय निर्धारित नहीं किया गया है। नए वाहन चलने के साथ काल सेंटर की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। पहले एक शिफ्ट में 80 लोग बैठ सकते थे, जिसे अब 100





सीटर कर दिया गया है। इसका लाभ यह होगा कि जरूरतमंदों की काल वेटिंग में नहीं रहेगी।

वाहनों में सीसीटीवी कैमरे भी लगे रहेंगे। इससे घटना स्थल की रिकार्डिंग हो सकेगी। वाहनों में कार्यरत पुलिसकर्मियों की वर्दी में भी छोटे कैमरे लगे रहेंगे, जो साक्ष्य एकत्र करने के काम आएंगे। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि वाहनों की संख्या चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 2000 तक करनी है। बता दें कि अभी वाहनों का संचालन कर रही बीवीजी कंपनी का कार्यकाल 2020 में ही पूरा हो गया है। कभी कोर्ट केस तो भी कभी अन्य कारणों से अभी तक नई एजेंसी का चयन नहीं हो पाया था।

# भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में अवैध भर्तियां कैंसल की

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में हुई नितिन अग्रवाल सहित अन्य की अवैध नियुक्तियों को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही पूर्व डीन सलिल भार्गव पर दो लाख का जुर्माना भी लगाया। मामला योग्य आवेदक को नौकरी से वंचित करने व फर्जी शपथ पत्र पेश करने से संबंधित है। कोर्ट ने भार्गव की सेवानिवृत्ति की आयु के मद्देनजर रियायत देते हुए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी करने के स्थान पर महज जुर्माना लगाने का निर्णय लिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि दोबारा मेरिट लिस्ट बनाई जाए। नए सिरे से इंटरव्यू लिए जाएं। यह प्रक्रिया तीन माह के भीतर पूरी कर ली जाए।

वहीं जुर्माना राशि दो लाख में से 80 हजार मप्र पुलिस कल्याण कोष में, 40 हजार राष्ट्रीय रक्षा कोष में, 20 हजार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण में, 20 हजार हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी गई है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो भोपाल के पुलिस आयुक्त को कानूनी कार्रवाई के लिए स्वतंत्र कर दिया गया है। दरअसल, भोपाल निवासी मनोहर सिंह को गांधी मेडिकल कॉलेज में अस्पताल प्रबंधक, सहायक प्रबंधक व डिप्टी रजिस्ट्रार की नौकरी से अयोग्य करार देते हुए वंचित कर दिया गया। जिसके विरुद्ध पहले अभ्यावेदन दिया गया। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई। याचिका में कहा गया कि पहले डिप्टी रजिस्ट्रार के लिए पात्र माना गया, लेकिन बाद में अस्पताल प्रबंधक व सहायक प्रबंधक पद के लिए अयोग्य करार दे दिया गया। यह विरोधाभासी स्थिति गड़बड़ी की ओर इशारा करने काफी है। पूर्व डीन भार्गव की ओर से प्रस्तुत शपथ पत्र में कहा गया था कि याचिकाकर्ता का ओबीसी प्रमाण पत्र डिजिटल नहीं था, जबकि कोर्ट ने रिकॉर्ड से पाया कि वह डिजिटल था। क्यूआर कोड के जरिए वेबसाइट से भी उसका वैरिफिकेशन हो गया। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील के तर्क सुनने के बाद गांधी मेडिकल कॉलेज की भर्ती प्रक्रिया को अवैध पाया। साथ ही याचिकाकर्ता को नियुक्ति से वंचित किए जाने के रवैये को अवैधानिक निरूपित किया। कोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को डिप्टी रजिस्ट्रार पद के लिए पात्र पाया गया, लेकिन इंटरव्यू काल नहीं किया गया। इस पर कॉलेज की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता की डिग्री मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन के स्थान पर महज एबीए होने के कार दरकिनार किया गया है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से साफ किया गया कि उसने पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी, जालंधर से एमबीए-हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की थी।

# अब केले के छिलके और प्लास्टिक से बनेगा डीजल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अब केले के छिलके और प्लास्टिक कचरे को फेंकने की बजाय ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आइसर) भोपाल के वैज्ञानिकों ने एक अहम शोध में यह साबित किया है कि इन जैविक और प्लास्टिक अपशिष्टों को मिलाकर वैकल्पिक डीजल ईंधन तैयार किया जा सकता है। को-पैरोलीसिस तकनीक से विकसित यह बायो-डीजल न केवल पारंपरिक डीजल से सस्ता है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित विकल्प बन सकता है।

शोधकर्ताओं का दावा है कि यह ईंधन डीजल वाहनों में



सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया जा चुका है, जिससे न सिर्फ ईंधन की खपत घटी बल्कि इंजन की कार्यक्षमता भी बेहतर हुई है। इस शोध कार्य का नेतृत्व आइसर भोपाल के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. शंकर चाकमा ने किया। उनके साथ शोध में बबलू अलावा और अमन कुमार ने भाग लिया। वैज्ञानिकों ने केले के छिलके और प्लास्टिक अपशिष्ट को 25-75 के अनुपात में मिलाकर नियंत्रित तापमान पर गर्म कर पायरो-ऑयल (तरल ईंधन) प्राप्त किया। शोध में पाया गया कि इस ईंधन को डीजल के साथ 20 प्रतिशत तक मिलाकर वाहन में उपयोग किया जा सकता है। इसका प्रकाशन जर्नल ऑफ द एनर्जी इंस्टीट्यूट और एनर्जी नेक्सस में हो चुका है। शोधकर्ताओं के अनुसार एक किलोग्राम केले के छिलके और प्लास्टिक कचरे से औसतन 850 ग्राम तरल पदार्थ, 140 ग्राम गैस और 10 ग्राम चारकोल प्राप्त होता है।

गैस का उपयोग खाना पकाने में किया जा सकता है, जबकि चारकोल का इस्तेमाल जल शुद्धिकरण के लिए संभव है। तरल ईंधन को डीजल के विकल्प के रूप में इस्तेमाल करने के लिए तैयार किया गया है। यह पायरो-आयल कई प्रकार के हाइड्रोकार्बन से भरपूर है जैसे ओलेफिन, पैराफिन, एरोमैटिक्स, एस्टर और अल्कोहल।

# मध्य प्रदेश में जंगली हाथियों से सुरक्षा देगा गजरक्षक मोबाइल एप, लोकेशन बता देगा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जंगली हाथियों से जंगलों के नजदीकी गांवों की सुरक्षा के लिए मध्य प्रदेश वन विभाग ने गजरक्षक एप तैयार कराया है। इसे लांच कर दिया गया है। एप बताएगा कि हाथियों की लोकेशन कहां है। इससे मानव-हाथी द्वंद्व टाला जा सकेगा।

बाघ दिवस (29 जुलाई) पर जारी एप को ग्रामीणों के साथ ही विभागीय अमले के मोबाइल फोन में डाउनलोड कराया जा रहा है। एप से आम लोगों को भी हर पल हाथियों की लाइव लोकेशन के साथ ही नोटिफिकेशन मिलेंगे। इससे उस क्षेत्र के लोग सतर्क हो सकेंगे। बता दें कि नवंबर



2024 में मप्र में पहली बार दो जंगली हाथियों को रेडियो कालर पहनाई गई थी। ये हाथी दल में शामिल रहते हैं। वन विभाग का दल इनकी लाइव लोकेशन भेजेगा। यह भी बता दें कि पिछले कुछ दिनों में गांवों और ग्रामीणों पर हमले की तमाम घटनाएं हो चुकी हैं। हाथियों के हमले में कई लोग जान गंवा चुके हैं। इससे लोगों में हाथियों के प्रति गुस्सा है। अक्टूबर 2024 में उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तीन दिनों के अंदर दस हाथियों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत का मामला देशभर में सुर्खियों में रहा था। तब इस घटना को मानव-हाथी द्वंद्व का परिणाम कहा गया था। बाद में जांच में पता चला था कि हाथियों की मौत विषाक्त कोदो खाने से हुई थी। यही कारण है कि वन विभाग चाहता है कि द्वंद्व न हो। ग्रामीण और हाथी दोनों सुरक्षित रहें। इसके लिए अब एप का सहारा लिया जा रहा है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में अगस्त 2018 में झारखंड और छत्तीसगढ़ से आया 60 हाथियों का दल अब यहीं का हो गया है।

# बेल्ट एण्ड रोड बॉक्सिंग टूर्नामेन्ट 15 अगस्त से जिनजियांग में

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** बेल्ट एण्ड रोड बॉक्सिंग टूर्नामेन्ट का आयोजन जिनजियांग (चीन) में 15 से 30 अगस्त तक किया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में म.प्र. खेल अकादमी के बॉक्सिंग खिलाड़ी भव्य प्रताप चौधरी 75 कि.ग्रा. भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगें।

टूर्नामेन्ट से पहले 1 से 15 अगस्त तक रोहतक (हरियाणा) स्थित राष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगें। बॉक्सिंग प्रशिक्षण के 15 दिवसीय शिविर के बाद खिलाड़ी भव्य प्रताप चीन रवाना होंगे।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने म.प्र. खेल अकादमी के बॉक्सर भव्य प्रताप चौधरी को इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेन्ट में चयनित होने पर बधाई देते हुये बेहतर खेल प्रदर्शन



करने के लिए शुभकामनाऐं दी है। म.प्र. खेल अकादमी के बॉक्सर भव्य प्रताप चौधरी खेल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक श्री रोशन लाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत् है।

## माँ का दूध अमृत है, हर नवजात को मिले जीवन की यह पहली सुरक्षा- मंत्री भूरिया

**भोपाल।** विश्व स्तनपान सप्ताह हर साल अगस्त के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। एक अगस्त से प्रारंभ हो रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और सभी नागरिकों का आहवान किया है कि बच्चे को जन्म के पहले घंटे में माँ का दूध और छह माह तक केवल माँ का दूध देना अत्यंत आवश्यक है। इस संदेश को घर-घर, गाँव-गाँव पहुँचाएं और माताओं को सही समय पर सही जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाएं। मंत्री भूरिया ने कहा कि माँ का दूध नवजात के लिए अमृत है। उन्होंने कहा कि स्तनपान नवजात शिशु के जीवन की सुरक्षा, पोषण और स्वास्थ्य की पहली एवं सबसे महत्वपूर्ण नींव है। पहला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) शिशु को न केवल संक्रमण से बचाता है बल्कि उसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करता है। साथ ही माँ और शिशु के बीच पहले रिश्ते को भी सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने चिंता जताई कि आज भी कई क्षेत्रों में परंपरागत भ्रांतियों के कारण नवजात को शहद, घुट्टी या पानी दिया जाता है

# भारी वाहन गुजरते ही कांप रहा बाणसागर पुल

## सोन नदी पर 39 साल पहले बना था; भाजपा विधायक ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल से रीवा मार्ग पर बाणसागर डैम पर बना पुल गंभीर स्थिति में है। इस पुल से जब भी कोई भारी वाहन गुजरता है, तो पुल में जोरदार कंपन होता है। यह कंपन इतना अधिक होता है कि राहगीर डर के मारे पुल को पकड़कर खड़े हो जाते हैं। बाणसागर का यह पुल मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश को आपस में जोड़ता है। अब इस पुल को लेकर विंध्य क्षेत्र में राजनीति शुरू हो गई है। ब्यौहारी के भाजपा विधायक शरद कोल ने इस पुल की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सोन नदी पर नया पुल बनाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की है।





**1986 में हुआ था निर्माण:** सोन नदी पर बना यह बाणसागर पुल 39 साल पुराना है। इसका निर्माण 1986 में शुरू हुआ और 1989 में इसे आवागमन के लिए खोल दिया गया। लगभग 4 महीने पहले पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। बीच पुल में पाया क्षतिग्रस्त होने से पुल को 2 महीने के लिए बंद कर दिया गया था। मरम्मत के बाद पुल को दोबारा शुरू किया गया।

**ओवर लोड वाहनों से पुल क्षतिग्रस्त:** पुल की खराब स्थिति का मुख्य कारण सोन नदी से निकाली जा रही रेत है। इस रेत को शहडोल-रीवा मार्ग के सहारे उत्तर प्रदेश भेजा जाता है। रेत से लदे वाहन अत्यधिक ओवरलोड होते हैं, जिससे पुल उस भार को सहन नहीं कर पा रहा है। इसी कारण बाणसागर पुल दिन-प्रतिदिन क्षतिग्रस्त होता जा रहा है।

**वीडियो में कंपन दिखा:** विधायक की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद जब मीडिया टीम बाणसागर पुल पर स्थिति जांचने पहुंची, तो वहां का दृश्य चिंताजनक था। भारी वाहन गुजरने के बाद पुल पर तेज कंपन महसूस किया जा सकता था।

## उत्पाती बंदरों को पकड़ा, एक सप्ताह में 6 लोग हुए घायल



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले के रिहायशी इलाके में उत्पात मचाने वाले दो बंदरों को वन विभाग और संजय टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पकड़ लिया है। एक बंदर को गुरुवार की देर शाम पकड़ा गया। दूसरे बंदर को शुक्रवार सुबह ट्रेंकुलाइज किया गया।

एसडीओ एनके त्रिपाठी ने बताया कि टीम बीते कई दिनों से बंदरों को जाल डालकर पकड़ने का प्रयास कर रही थी। लेकिन ये बंदर पकड़ में नहीं आ रहे थे। इसी वजह से संजय टाइगर रिजर्व की टीम को सूचना दी गई।

टाइगर रिजर्व से आई एक्सपर्ट टीम ने बंदरों को गन शॉट के जरिए ट्रेंकुलाइज किया। जब बंदर अर्ध बेहोशी की स्थिति में आए तो उन्हें पिंजरे में बंद किया गया। इसके बाद उन्हें सरई इलाके के जंगल में छोड़ दिया गया है। बंदरों को उन इलाकों में छोड़ा गया है जहां पहले से ही ब्लैक मंकीस रहते हैं। ऐसा इसलिए किया गया ताकि ये बंदर वहां सरवाइव कर पाएं।

**एनसीएल कर्मी की रीड की हड्डी टूटी:** इन दोनों बंदरों ने नवानगर थाना इलाके के एनसीएल की कॉलोनी अम्लोरी में बीते एक सप्ताह से आतंक मचा रखा था। इस दौरान इन बंदरों ने छह लोगों को काटा भी है। इनमें से एक एनसीएल कर्मी की रीड की हड्डी तक टूट गई है। उनका इलाज बनारस में चल रहा है। बंदरों के पकड़े जाने के बाद स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है।

## चिमनी जलाकर सो रहे युवक का ड्रम पर मिला शव, धुंआ देखकर बचाने दौड़े परिजन

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** पपौंध थाना क्षेत्र के जमुनी गांव में एक युवक की मौत हो गई। 27 वर्षीय रामदास कोल खेत में बने घर में चिमनी जलाकर सो रहा था। इसी दौरान कमरे में आग लग गई और वह उसकी चपेट में आ गया।

कमरे से उठते धुएं को देखकर परिजन मौके पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था। जब दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तब तक देर हो चुकी थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक का शव कमरे के अंदर रखे एक ड्रम के ऊपर मिला। ड्रम के नीचे जला हुआ कंबल भी मौजूद था। परिजनों ने बताया है कि घर में बिजली कनेक्शन नहीं था। रामदास रोशनी के लिए चिमनी जलाता था। संभवतः इसी से कमरे में आग लग गई। परिवार के अन्य सदस्य पास के दूसरे घर में थे। जब उन्हें धुएं की जानकारी मिली तब तक काफी देर हो चुकी थी।

**टीआई बोले- ग्रामीणों के बयान दर्ज कर रहे हैं:** थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और आसपास के लोगों के भी बयान दर्ज किए जाएंगे।

## कीचड़ की वजह से एक किमी पहले ही रुकी एंबुलेंस, नाव से सोन नदी पार कर अस्पताल पहुंची गर्भवती महिला

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** ज़िले में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एक बार फिर सामने आई है। ब्यौहारी जनपद के पपौंध क्षेत्र में एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के दौरान अस्पताल ले जाने के लिए उसके परिवार को नाव का सहारा लेना पड़ा, क्योंकि पुल अधूरा है और एम्बुलेंस चालक ने कीचड़ का बहाना कर आने से मना कर दिया।





**एम्बुलेंस ने बीच रास्ते में छोड़ा:** ग्राम बरा बघेलहा की रहने वाली सीमा केवट को जब प्रसव पीड़ा हुई तो उनके परिजनों ने पहले उन्हें नाव से उफनती सोन नदी पार कराई। नदी पार करने के बाद उन्होंने 108 एम्बुलेंस को फोन किया, लेकिन एम्बुलेंस चालक ने कीचड़ भरे रास्ते का हवाला देते हुए आने से इनकार कर दिया। चालक ने एम्बुलेंस को एक किलोमीटर दूर ही रोक दिया। इसके बाद परिवार को एक निजी वाहन किराए पर लेकर सीमा को अस्पताल पहुंचाना पड़ा। सीमा की रिश्तेदार शशि केवट ने बताया कि सोन नदी पर पुल का निर्माण चल रहा है, लेकिन अधूरा होने के कारण लोग नाव से ही नदी पार करते हैं। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी है, जहां लोग आज भी अपनी जान जोखिम में डालकर ज़रूरी सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## जंगल में ले जाकर किया नाबालिग से दुष्कर्म, दो युवक गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** जिले के करनपठार थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ रेप के मामले में पुलिस ने गुरुवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 15 वर्षीय पीड़िता ने 30 जुलाई 2025 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि नरेन्द्र सिंह गोंड और उसके साथी धनेन्द्र ढोलिया ने जान से मारने की धमकी देकर उसका अपहरण किया। दोनों उसे बाइक पर बिठाकर पास के जंगल में ले गए।

**आरोपियों से बचकर परिजनों के पास पहुंची नाबालिग:** वहां नरेन्द्र सिंह गोंड ने नाबालिग के साथ कई बार रेप किया। अगले दिन आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद करनपठार थाने में भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी नरेन्द्र सिंह गोंड (21) ग्राम अढवार का रहने वाला है, जबकि धनेन्द्र ढोलिया (21) ग्राम करपा का निवासी है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया है।

# अनियंत्रित होकर स्कूल बस नाले में फंसी, 3 बच्चे घायल

## बोले- बहुत स्पीड में ड्राइवर अंकल गाड़ी चला रहे थे

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के सिहावल तहसील के सोनबरसा में शांति आदर्श स्कूल की बस शुक्रवार सुबह एक बड़े हादसे से बच गई। बच्चों को स्कूल ले जाते समय बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी नाली में धंस गई। घटना के समय बस में कक्षा 1 से 8वीं तक के 22 छात्र सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब बस का पहिया नाली में उतरा, बच्चों में चीख-पुकार मच गई। सौभाग्य से बस पलटी नहीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में दो बच्चों के हाथ-पैर में चोटें आईं। एक बच्चे के माथे पर चोट लगी है। बच्चों का कहना है कि ड्राइवर अंकल लापरवाही से और तेज गति से वाहन चला रहा था।



सिहावल तहसीलदार परम सुख बंसल ने बताया कि सोनबरसा बाजार की सड़क बहुत संकरी है। दोनों ओर दुकानें हैं और किनारे गहरी नाली है। बस ड्राइवर ने साइड से निकालने की कोशिश की, तभी बस का पहिया नाली में फंस गया। सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। जांच में अगर स्कूल प्रबंधन की लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

वहीं इस मामले में स्कूल प्रबंधन ने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया। न तो प्राचार्य का नाम बताया गया और न ही कोई बयान दिया गया।

# घर के सामने से गुजरने पर कुल्हाड़ी से काटा कान, आरोपी गिरफ्तार

## टीआई बोले- पहले से है दोनों में जमीनी विवाद

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-3 आजाद मोहल्ले में घर से सामने से गुजर रहे युवक पर अधेड़ ने हमला कर दिया। इस घटना में युवक का कान कट गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।



पुलिस ने बताया कि गुरुवार को मोहम्मद अख्तर जब सुरेश गोंड के घर के सामने से निकला, तो यह बात सुरेश को नागवार गुजरी। सुरेश ने पहले गाली-गलौज की। इसके बाद उसने अख्तर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में अख्तर का एक कान बुरी तरह कट गया। हमले के दौरान आरोपी ने धमकी भी दी। उसने कहा कि अगर दोबारा उसके घर के सामने से निकला, तो जान से मार देगा।

लहूलुहान हालत में अख्तर किसी तरह जान बचाकर थाने पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की शिकायत धनपुरी पुलिस से की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। आरोपी सुरेश गोंड के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। गुरुवार को ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**जमीनी विवाद में हिंसा:** धनपुरी थाना प्रभारी खेम चन्द्र पेंद्रो ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दो लोगों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस अब मामले की गहराई से जांच कर रही है। घायल अख्तर का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर शिविर का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 28 जुलाई विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला सीधी में सीएमएचओ डॉ बबिता खरे के मार्गदर्शन में जिला महामारी नियंत्रक डॉ माधव पाण्डेय द्वारा हेपेटाइटिस नियंत्रण टीम लैब टेक्नीशियन, पियर सपोर्टर व आईसीटीसी केंद्र के साथ समन्वय कर जांच शिविर आयोजित कराया गया। शिविर में हेपेटाइटिस बी, सी एवं एचआईवी की - 74 हाई रिस्क ग्रुप एवं 12 जनरल पापुलेशन की टोटल 86 जांच हुई। हाई रिस्क ग्रुप में से 33 इंजेक्टेबल ड्रग यूजर की हैपेटाइटिस बी और सी की जाँच की गई जिसमे 07 हैपेटाइटिस सी पाजिटिव पाए गए एवं 38 फीमेल सेक्स वर्कर, 3 समलैंगिक की जांच की गई जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं आया। 30 जुलाई को जिला जेल सीधी में जेल अधीक्षक के सहयोग से हेपेटाइटिस नियंत्रण टीम और टीआई एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित कर जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमे हेपेटाइटिस बी, सी एवं एचआईवी टी बी की 156 कैदियों की जांच हुई जिसमे हेपेटाइटिस बी 2 व हेपेटाइटिस सी 1 पॉजीटिव पाए गए। डॉ पाण्डेय ने बताया कि उक्त सभी पॉजिटिव मरीजों का वायरल लोड एवं बेसलाइन जांचे भी कराई गई।

# तहसील न्यायालय रामपुर नैकिन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में पंच-ज अभियान के तहत मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, परमानंद सनोडिया अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन, अरहम खान न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा 31 जुलाई को तहसील न्यायालय रामपुर नैकिन में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर का उद्देश्य आमजन तक न्याय तक सुलभ पहुँच सुनिश्चित करना था।




शिविर के दौरान परमानंद सनोडिया अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति रामपुर नेकिन ने उपस्थित लोगों को विधिक सहायता योजनाओं, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं समाज के कमजोर वर्गों को मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। अरहम खान न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन ने उपस्थित पक्षकारों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, नालसा पोर्टल, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोकोपयोगी लोक अदालत, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी। मनीष कौशिक ने आगामी दिनांक 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में की जानकारी दी। उन्होने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आमजन को न्याय दिलाने हेतु निरंतर कार्यरत है।

कार्यक्रम के उपरांत पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए सचिव द्वारा तहसील परिसर रामपुर नैकिन में पौधरोपण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और हरित वातावरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने पौधारोपण के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।
इसके साथ ही डॉन, साथी एवं संवाद योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की भी समीक्षाा की गई। सचिव ने इन योजनाओं के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली तथा इनके प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इन योजनाओं के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों तक न्याय पहुचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, परमानंद सनोडिया अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन, अरहम खान न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, अधिवक्ता, तहसील न्यायालय का स्टाफ सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन नागरिक उपस्थित रहे। न्यायालय परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियो और अधिवक्ताओं ने विभिन्न प्रकार की किस्मों के फलदार, छायादार पौधों को रोपकर उनकी देखभाल कर बड़ा करने का संकल्प भी लिया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिला अस्पताल सीधी में इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनीता तिवारी, डॉ प्रभा तिवारी, डॉ आर बी सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेंद्र शुक्ला, जिला कम्युनिटी मोबाइलजर, नरेंद्र पटेल एवं अन्य चिकित्सक स्टाफ तथा नूरा हेल्थ से संभागीय समन्वयक दीपक अधिकारी उपस्थित रहे। जिला अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर द्वारा रंगोली बनाकर प्रदर्शनी लगाई और वार्ड में उपस्थित महिलाओं को बच्चों सहित बुलाकर परामर्शदाता मनोरमा त्रिपाठी के द्वारा स्तनपान के तरीके और काउंसलिंग की गई। इस अवसर पर लगातार 7 दिन तक अलग-अलग गतिविधियां संपादित की जावेगी। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बबीता खरे के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# संपादकीय

## हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता

आपरेशन सिन्दूर पर संसद में हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि 'मैं गर्व से कह सकता हूं कि कोई भी हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता।' गृहमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए उसने भगवा आतंकवाद का झूठा सिद्धान्त बनाया। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन भारत की जनता ने इस झूठ को नकार दिया। शाह के इस ब्यान के बाद चर्चा छिड़ी है कि उन्होंने आखिर ऐसा दावा कैसे कर दिया कि हिन्दू कभी आतंकी नहीं हो सकता? पूछा जा रहा है कि उन्होंने भावावेश में आकर अतकथनी कर दी या हिन्दू अस्मिता के प्रेम में फंस कर ये दावा कर दिया? अमित शाह का उक्त कथन उन लोगों के तो गले बिल्कुल नहीं उतर रहा जो अभी तक इसी विमर्श को पल्लवित-पोषित करते आ रहे हैं कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता', तो फिर कैसे हिन्दुओं को इस मामले में एकतरफा चरित्र प्रमाणपत्र दिया जा रहा है? निष्पक्ष हो कर अमित शाह के ब्यान को जांचा-परखा जाए तो सामने आता है कि इसमें न तो अतिरंजना है न मनोवेश या अतिश्योक्ति, बल्कि यह एतिहासिक सत्य, भारत-भूमि पर पनपा प्रमाणिक हिमालयी तथ्य है कि हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। आओ सबसे पहले जानें कि आतंकवाद आता कहां से है, इसका वीर्य क्या है? असल में विश्व में ईश्वर को लेकर दो तरह की अवधारणाएं या मार्ग हैं, एक सनातन व दूसरा सेमेस्टिक या सामी। सभी मार्ग सम्मानित हैं, पर इनमें मौलिक अन्तर हैं। सेमेस्टिक मजहब में ईश्वर का एक निश्चित संदेशवाहक या पैगम्बर या दूत, एक ही धर्म ग्रन्थ रहता है-जैसे इस्लाम, ईसाई व यहूदी मजहब। उक्त सभी मजहब अपने-अपने पैगम्बर को ईश्वर का अंतिम दूत और अपने-अपने धर्म ग्रन्थों में वर्णित बातों को ही ईश्वर का अंतिम सन्देश मानते हैं। सामी मजहब वाले केवल ऐसा मानते ही नहीं बल्कि अपने पैगम्बर व ग्रन्थों की बातों को दूसरे से श्रेष्ठ मानते हुए उन पर थोपने का प्रयास भी करते हैं। धीरे-धीरे इनके अनुयायियों में श्रेष्ठता की यही ग्रन्थी केवल मजहबी उन्माद तक ही सीमित नहीं रहती बल्कि रहन-सहन, खान-पीन, भाषा-वाणी अर्थात जीवन के हर क्षेत्र को संक्रमित कर देती है। दूसरे को हीन समझ उस पर अपने विचार व आस्था लादने के लिए कोई क्रूसेड करता है तो कोई जिहाद। दुनिया में ईसाईयत व इस्लाम के नाम पर जो अत्याचार, हिंसा, खूनखराबा हुआ सभी इसी श्रेष्ठा की ग्रन्थी के संक्रमण के चलते हुआ। दूसरे की आस्था के प्रति असम्मान, हिकारत, तिरस्कार में ही आतंकवाद के बीज छिपे रहते हैं। मध्ययुग में ईसाईयत के नाम पर आतंकवाद फैला परन्तु पश्चिमी समाज में आई नवचेतना के चलते इसने रूप बदल कर सेवा व लालच का ले लिया परन्तु इस्लाम के प्रचार-प्रसार का अमानवीय ढंग निरंतर जारी रहा, जिसे आज इस्लामिक आतंकवाद कहा जाने लगा है। आज ईसाई मिशनरीज़ सेवा व लालच के बल पर धर्मपरिवर्तन करते हैं और जिहादी बंदूक की नोक पर, दोनों का लक्ष्य एक ही है कि अपने-अपने मजहबों की संख्या बढ़ाना चाहे साधन अलग-अलग हैं। इस्लामिक जिहाद की तरह अगर ईसाईयों की सेवा व प्रलोभन के प्रपंचों को भी आतंकवाद का नाम दे दिया जाए तो कोई विषयभटकाव नहीं होगा।

सामी मजहबों के विपरीत दूसरी विचारधारा है सनातन, जिसे हिन्दू धर्म भी कहते हैं। 'श्री अरविन्द की दृष्टि में हिन्दू धर्म और सामी मजहब' पुस्तक में महर्षि अरविन्द कहते हैं- ''जिस धार्मिक संस्कृति को हम आज हिन्दू धर्म के नाम से पुकारते हैं उसने अपना कोई नाम नहीं रखा, क्योंकि उसने स्वयं अपनी कोई साम्प्रदायिक सीमा नहीं बांधी। उसने सारे संसार को अपना अनुयायी बनाने का कोई दावा नहीं किया, किसी एकमात्र निर्दोष सिद्धांत की प्रस्थापना नहीं की, मुक्ति का कोई एक ही संकीर्ण पथ या द्वार निश्चित नहीं किया।

# आखिर अमेरिकी टेररिस्ट इकॉनमी और इंडियन डेड इकॉनमी जैसे आरोपों के अंतरराष्ट्रीय मायने क्या हैं? बारीकीपूर्वक समझिए

**कमलेश पांडे**

**जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और तेजी से मजबूत होती जा रही समाजवादी अर्थव्यवस्था यानी भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी करार दिया है, तो एक भारतीय होने के नाते उनसे मेरा सीधा सवाल है कि आखिर उनकी अमेरिकी अर्थव्यवस्था या है- कैपिटलिस्ट इकॉनमी या टेररिस्ट इकॉनमी! मुझे पता है कि वो मेरे इस सवाल का जवाब नहीं देंगे, इसलिए आज उनकी डॉलर डिप्लोमेसी, मिलिट्री डिप्लोमेसी और घृणित कूटनीति को आईना दिखलाना अपना राष्ट्रधर्म/बुद्धिजीवी धर्म समझता हूं। वहीं, अमेरिका को यह भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि रूस के साथ भारत गर्त में नहीं, बल्कि उंस शिखर पर जाएगा जहां आज अमेरिका काबिज है!**



सच कहूं तो सात समुंदर पार बसा अमेरिका यदि अपनी फूट डालो और राज करो वाली क्षुद्र नीतियों और अभद्र स्वभाव/व्यवहार के बल पर एशिया-यूरोप के देशों पर शासन करना चाहता है तो अब उसके दिन लद गए हैं। उसे ब्रिटिश भूलों से सबक सीखने की दरकार है, क्योंकि कूचरा की पारी अंतिम बारी वाली भारतीय कहावत अब उस पर चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। आज वह रूस, चीन, भारत, ईरान आदि सबकी आंखों पर चढ़ चुका है और उसका बचा-खुचा भ्रम बहुत जल्दी टूटने वाला है, जिसकी बौखलाहट उसके कदम दर कदम में दिखाई दे रही है। भारत के प्रति उसका जो विद्वेष भरा रवैया है, शायद वही उसकी ताबूत की अंतिम कील बन जाए। वह पाकिस्तान को भड़काकर भारत को कमजोर नहीं कर सकता, बल्कि भारत यदि अपने पर आ गया तो एशिया-यूरोप से उसके पांव उखड़ते देर नहीं लगेंगे। क्योंकि रूस-चीन-उत्तरकोरिया-ईरान-इराक़-सीरिया आदि उससे पहले से ही खार खाए बैठे हैं।

जहां तक भारत-अमेरिका सम्बन्धों की बात है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत-अमेरिका सम्बन्ध एक अस्वाभाविक दोस्ती है, जिसमें छल-प्रपंच की बू आती है। जबकि भारत-रूस सम्बन्ध एक स्वाभाविक मित्रता है, जो वक्त की कसौटी पर शत-प्रतिशत खरा उतरा है। कभी अमेरिका और सोवियत संघ, और अब अमेरिका व चीन, अमेरिका एवं रूस के पारस्परिक वैश्विक महत्वाकांक्षा भरे रिश्तों में गुटनिरपेक्ष देश भारत की अहमियत प्रारंभ से यही रही है कि उसका झुकाव जिधर होगा, उसका पलड़ा सदैव भारी होगा। लेकिन जहां रूस ने भारतीय गुटनिरपेक्षता को बेझिझक स्वीकार किया, वहीं अमेरिका द्वारा भारत को अपने पाले में खींचने और फिर स्वभाववश दगाबाजी करने की जो हड़बड़ाहट दिखाई जा रही है, इस आशय की डील अविलंब करने का जो वैश्विक दबाव बनाया जा रहा है और इसी प्रक्रिया में अमेरिकी वयोवृद्ध राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ द्वारा जो घिनौनी बयानबाजी की जा रही है, उससे भारत का बाल भी बांका होने वाला नहीं है।

यदि अमेरिका-चीन को भ्रम है कि वे पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, मालदीव, नेपाल, म्यांमार आदि को उकसा कर भारत की तरक्की की राह में रोड़े अटकायेंगे, भारतीय उपमहाद्वीप में अशांति फैलाकर हथियारों की बिक्री बढ़ाएंगे तो यह उनका दिवास्वप्न है। %अमेरिकी आतंकवाद% और %चीनी नक्सलवाद% से या इस्लामिक चरमपंथ से जितनी क्षति पहुंचाई जा सकती थी, वह पहुंचाई जा चुकी है। लेकिन अब पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा जो चुन चुन कर हिसाब लिए जा रहे हैं, उससे अमेरिका-चीन की बौखलाहट भी समझने लायक है। जबकि पाकिस्तान प्रेमी अरब-एशियाई देशों द्वारा भारत के इस्लामीकरण की कोशिशें भी दम तोड़ चुकी हैं। ऐसे में जब भारत ऑपरेशन सिंदूर की तरह अगला पलटवार करेगा तो अमेरिका-चीन को भारतीय उपमहाद्वीप में मुंह छिपाने की जगह भी नहीं मिलेगी।

अमेरिका को यह समझना होगा कि भारत, ग्रेट ब्रिटेन नहीं है जिससे मित्रता कर अंतरराष्ट्रीय पैमाने पर पीछे धकेल दिया जाए। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका ने ग्रेट ब्रिटेन के साथ यही तो किया। जहां इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय दुनियादारी में तूती बोलती थी, वहीं द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका की बोलने लगी। द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका- सोवियत संघ (रूस व उसके 14 पड़ोसी देश) साथ थे। लेकिन विश्वयुद्ध खत्म होते ही अमेरिका ने यूरोप को दो फाड़ कर दिया और इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे बड़े देशों को उसके खिलाफ कर दिया। फिर लंबे चले अमेरिका-सोवियत संघ शीत युद्ध के दौरान 1989 आते आते सोवियत संघ को भी छिन्न-भिन्न करवा दिया। हालांकि, तीन दशक बाद जब रूस ने अपने खोए हुए गौरव को प्राप्त कर लिया, तब उसे अमेरिका-यूरोप के नाटो देशों ने यूक्रेन में उलझा दिया, जिससे साढ़े तीन वर्षों से भीषण युद्ध जारी है।

वहीं, अपनी वैश्विक बादशाहत बनाए रखने के लिए अमेरिका ने एशिया महादेश में भी कई बड़े गेम खेले। उसने एशियाई अरब देशों के खिलाफ इजरायल को भड़काया और उसे अपना पूर्ण सहयोग दिया। भारत के खिलाफ पाकिस्तान को भरपूर समर्थन दिया। चीन-भारत के बीच तिब्बत मुद्दे को हवा दी। अफगानिस्तान में रूस का अवरोधक बनने के लिए तालिबान पैदा किया। कश्मीर हासिल करने के लिए आतंकवाद पैदा किया। इससे अमेरिकी हथियार व ड्रग्स कारोबार में भारी मुनाफा हुआ। लेकिन रूस के खिलाफ जिस चीन को अमेरिका ने प्रश्रय दिया, अब वही उसके लिए भष्मासुर बन चुका है। अमेरिकी शह पर मुस्लिम देश भी दो फाड़ हो चुके हैं।

यही वजह है कि अमेरिका विगत 25 वर्षों तक भारत को अपने पाले में खींचने के लिए ढेर सारे वैश्विक प्रयास किए। स्वभाव से विनम्र प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी और पीएम डॉ मनमोहन सिंह तो अमेरिकी चक्रब्युह में फंस गए, लेकिन स्वभाव से तेज तर्रार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी वैश्विक चालें चलीं कि अमेरिकी चतुराई की सारी हवा निकल गई। उन्होंने उसकी कैपिटलिस्ट अर्थव्यवस्था, जिसे टेररिस्ट अर्थव्यवस्था भी समझा जाता है, की ऐसी बखिया उधेड़ी कि आज वह बाप-बाप चिल्ला रहा है। जी-7 के ऊपर ब्रिक्स को इतना कद्दावर बनवा दिया कि अमेरिका के पसीने छूट रहे हैं। उसे टेररिस्ट अर्थव्यवस्था इसलिए कहा जाता है कि पाकिस्तान के सहारे दुनिया भर में आतंकवादी पैदा करने, उन्हें वित्तीय मदद देने और फिर उपजी अशांति का लाभ उठाकर अपनी कम्पनियों के हथियार खपाने व ड्रग्स के कारोबार को बढ़ाने का जो खुला खेल फरुखाबादी चलता रहा है, उसका मास्टरमाइंड देश अमेरिका ही है। उसी की छाप उसके अनुगामी चीन पर पड़ी है, जिससे वह ज्यादा परेशान है।

वहीं, पीएम मोदी इस बात को नहीं भूले हैं कि यह वही अमेरिका है जिसने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए उन्हें अपना वीजा नहीं दिया था और उनके प्रधानमंत्री बनते ही उनकी आवभगत करने लगा। यही वजह है कि पीएम मोदी ने अमेरिका, रूस और चीन जैसे बड़े देशों से सिर्फ उतना ही संपर्क रखा, जितने में कि भारतीय हित सधता रहे। इसलिए उन्होंने गिव एंड टेक डिप्लोमेसी को तवज्जो दी। बिटविन द लाइन्स पर हमेशा अडिग रहे। इससे भारत ने आशातीत तरक्की की और आत्मनिर्भर हो गया। यही बात अमेरिका, रूस, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, जापान आदि देशों को अखड़ने लगी।

# पाक परमाणु ठिकानों को पल भर में मिट्टी में मिला देगी भारत की हाइपरसोनिक बंकर बस्टर मिसाइल

**नीरज कुमार दुबे**

हाल ही में अमेरिका ने अपनी अत्याधुनिक बंकर बस्टर बम का उपयोग कर ईरान के भूमिगत परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया था। इसने विश्व को यह दिखाया था कि अत्यधिक संरक्षित और गहराई में स्थित ठिकाने भी सुरक्षित नहीं हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की हाइपरसोनिक मिसाइल पर काम करने की खबरें सामरिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। हम आपको बता दें कि यह मिसाइल बंकर बस्टर वारहेड ले जाने में सक्षम होगी और गहरे भूमिगत ठिकानों को नष्ट कर सकेगी। यह खबर सामने आने के बाद से पाकिस्तान की चिंता बढ़ी हुई है क्योंकि उसके कई परमाणु प्रतिष्ठान भूमिगत बंकरों में स्थित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मिसाइल पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों को आसानी से निशाना बना सकती है। देखा जाये तो भारत की यह उपलब्धि दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन को गहराई से प्रभावित कर सकती है।



बताया जा रहा है कि डीआरडीओ की यह नई मिसाइल भारत की अग्नि-५ बैलिस्टिक मिसाइल का संशोधित संस्करण हो सकती है। इसकी गति की बात करें तो यह हाइपरसोनिक है यानि ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक से दौड़ेगी। यह पारंपरिक बंकर बस्टर है और लगभग 7,500 किलोग्राम का वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी भेदन क्षमता 200 फीट तक भूमिगत प्रवेश कर विस्फोट करने की बताई जा रही है। इसकी रेंज लगभग 2,500 किलोमीटर होगी।

हम आपको बता दें कि भारत के पास अमेरिका या रूस की तरह महंगे स्टेल्थ बॉम्बर नहीं हैं। इसलिए मौजूदा लड़ाकू विमानों से बंकर बस्टर बम गिराना जोखिमपूर्ण होगा क्योंकि वे दुश्मन के राडार पर आ जाएंगे। परन्तु मिसाइल आधारित प्लेटफॉर्म भारत को सुरक्षित दूरी से गुप्त और सटीक हमले की क्षमता देगा। हम आपको यह भी बता दें कि भारत की यह मिसाइल क्षमता उसकी सामरिक बढ़त को काफी बढ़ा देगी। साथ ही इससे पाकिस्तान की न्यूक्लियर ब्लैकमेल रणनीति भी ध्वस्त हो जायेगी। इस मिसाइल के जरिये भारत सुरक्षित दूरी से दुश्मन के परमाणु ठिकानों को निशाना बना सकेगा। इस मिसाइल का विकास चीन पर भी एक रणनीतिक दबाव बनाएगा।

जहां तक इस मिसाइल से पाकिस्तान की चिंता की बात है तो आपको बता दें कि पाकिस्तान की सामरिक मामलों की विशेषज्ञ राबिया अख्तर ने 'डॉन' अखबार में लिखा है कि भारत का यह कदम पारंपरिक और परमाणु रणनीति के बीच की रेखा को धुंधला कर सकता है। पाकिस्तान का कहना है कि यदि भारत इस तरह की मिसाइलों का इस्तेमाल उसके परमाणु ठिकानों पर करता है, तो यह किसी भी दृष्टिकोण से परमाणु प्रथम-हमले जैसा लगेगा, भले ही वारहेड पारंपरिक ही क्यों न हो। राबिया अख्तर ने चेतावनी दी है कि किसी भी परमाणु-सशस्त्र देश के लिए यह मायने नहीं रखेगा कि वारहेड पारंपरिक है या परमाणु। यदि कोई हाई-स्पीड बैलिस्टिक मिसाइल उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर दागी जाती है, तो इसे परमाणु हमले की शुरुआत माना जाएगा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि ऐसी स्थिति में पाकिस्तान अपनी सामरिक या रणनीतिक परमाणु हथियारों का तुरंत इस्तेमाल कर सकता है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत ने हमेशा यह घोषित नीति अपनाई है कि वह परमाणु हथियारों का पहले उपयोग नहीं करेगा। लेकिन बंकर बस्टर मिसाइलें इस नीति के तहत नहीं आती हैं। क्योंकि एक ओर, ये पारंपरिक हथियार हैं और तकनीकी रूप से वह एनएफयू यानि न्यूक्लियर फर्स्ट यूज नीति का उल्लंघन नहीं करते। दूसरी ओर, ये सीधे दुश्मन के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बना सकते हैं, जिससे प्रतिक्रिया में परमाणु युद्ध की संभावना बढ़ सकती है।

हम आपको यह भी बता दें कि भारत ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के तहत हाल ही में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के तहत यह तय कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। भारत की यह नीति आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले देशों के बीच कोई अंतर नहीं करती है। इसलिए पाकिस्तान का डर स्वाभाविक है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत और पाकिस्तान हर साल 1 जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान करते हैं। यह समझौता 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षरित हुआ था, जो यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी देश दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों को नुकसान नहीं पहुँचाए। हालांकि इस तरह की खबरें हाल ही में सामने आई थीं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मई महीने में हुए सैन्य संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान की किराना हिल्स पर स्ट्राइक की थी। ऐसा दावा सामने आई सैटेलाइट तस्वीरों ने किया था। यह खुलासा अपने आप में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किराना हिल्स में ही पाकिस्तान के परमाणु बमों का ठिकाना माना जाता है। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों पर हमला उसके परमाणु हथियारों को नष्ट करने के उद्देश्य से नहीं बल्कि उसको चेतावनी देने के लिए किया था और इसके जरिये दुश्मन को साफ और स्पष्ट संदेश दिया था कि उसके परमाणु ठिकाने सुरक्षित नहीं हैं।

बहरहाल, भारत की यह मिसाइल क्षमता न केवल उसकी सामरिक मारक क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि पाकिस्तान की न्यूक्लियर ब्लैकमेल नीति को भी चुनौती देगी।

## महापौर-सभापति के लिए टोयोटा गाड़ी तो अधिकारी के मारुति डिजायर



**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे पूर्व महापौर की वाली गाड़ी की जगह नई चमचमाती टोयोटा गाड़ी में फर्राटा भरेंगी। यही नहीं, सभापति सूर्यकांत राठौर के लिए भी जल्द नई टोयोटा गाड़ी आएगी। इसके लिए नगर निगम के मोटर वर्कशाप से प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यायल से सूडा को मंजूरी के लिए भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही नई गाड़ी की खरीदी की जाएगी। इसी तरह नगर निगम का मोटर और विद्युत अभियांत्रिकी विभाग शहर में विद्युत पोल खड़ा करने संबंधी कार्य के लिए 5 टावर लोडर क्रय करेगा। नगर निगम के 10 जोन में विद्युत संबंधी कार्य की आवश्यकता को देखते हुए 10 नए टाटा एस वाहन क्रय करने का प्रस्ताव बनाया गया है। रायपुर नगर निगम जल्द ही शहर की मुखिया के लिए नए वाहन की खरीदी करेगा। साथ ही नगर निगम सभापति को पुरानी गाड़ी की जगह निगम से नई गाड़ी मिलेगी। इस संबंध में प्रस्ताव बनकर तैयार है। यही नहीं, विभागीय अधिकारियों के लिए 19 मारुति डिजायर वाहन खरीदने शासन से मंजूरी मांगी जा रही है। विदित हो कि निगम मुख्यालय में इस समय अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता को पात्रता के आधार के निगम की ओर से वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वहीं कुछ अधिकारी किराये की गाड़ी का उपयोग कर रहे हैं।

**अब हर जोन में विद्युत संबंधी कार्य के लिए 1 टाटा एस गाड़ी:**नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में विद्युत व्यवस्था संबंधी कार्य के लिए अब हर जोन अलग से 1 टाटा एस गाड़ी रहेगी। इस तरह 10 जोन की जरूरत हिसाब से 10 टाटा एस की नई गाड़ी क्रय करने की तैयारी है।

**आवारा मवेशी पकड़ने शहर में 10 काउकेचर, कुत्ता पकड़ने महज 1 डागकेचर:**नगर निगम के पास कुत्तों की धरपकड़ करने 10 जोन के हिसाब से वर्तमान में 10 काउकेचर गाड़ी उपलब्ध है। प्रत्येक जोन को अलग से काउकेचर दिया गया है। वहीं शहरभर के आवारा कुत्तों की पकड़ने नगर निगम के पास केवल एक डाग केचर की व्यवस्था है। यह शहर के विस्तार को देखते हुए बहुत कम है, डाग केचर की संख्या बढ़ाने एक अरसे से मांग की जा रही है।

## ईंधन अधिभार में कमी आने से इस महीने कम बिजली बिल देंगे उपभोक्ता



**रायपुर ।** प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस महीने के बिल में राहत मिलेगी। उनके बिजली बिल में लगने वाला ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) इसबार कम हो गया है, लगातार दूसरे महीने इसकी दर में कमी आई है। जून महीने के बिल में उपभोक्ताओं ने जितना बिल भरा होगा, उसमें ऊर्जा प्रभार का 1.44 प्रतिशत की छूट उन्हें मिलेगी। यानी वे उस अनुपात में कम बिल अदा करेंगे। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार बिजली बिल में वेरियेबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट (वीसीए) शुल्क के स्थान पर अब ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) लिया जाता है। पहले इसे हर दो महीने में आकलित किया जाता था, अब यह हर महीने बिजली कंपनी अपने उपयोग के लिए खरीदी गई बिजली के आधार पर नए फार्मूले से तय करती है। बीते महीने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी व्दारा बिजली लागत में कमी आई है, लिहाजा जून महीने की गई खपत में लगने वाला ईंधन अधिभार 1.44 प्रतिशत कम लगेगा। इस अनुपात में जुलाई के बिल में (जिसे अगस्त में जमा किया जाएगा) इतना प्रतिशत की छूट मिल जाएगी। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने बताया कु यह छूट कम्प्यूटराइज्ड स्वगणना प्रणाली से बिल में घटा दिया जाएगा, जिसे अधिभार कॉलम में अंकित किया जाएगा। ऐसा लगातार दूसरा महीने है, जिसमें इस अधिभार में कमी आई है। पिछले महीने यह अधिभार 0.12 प्रतिशत कम था। पहले ईंधन अधिभार 12 प्रतिशत तक अधिक लगता था, जिससे बिल अधिक आता था। पॉवर कंपनी के बेहतर प्रबंधन और संयंत्रों के उत्पादन में संतुलन से यह अधिभार कम हुआ है। इससे हर उपभोक्ता के बिल में कुछ राशि घटी हुई दिखाई देगी।

## व्यापम द्वारा आगामी परीक्षाओं के मद्देनज़र कलेक्टर ने ली बैठक

### अभ्यर्थी आधी बांह वाले हल्के रंग के कपड़े पहने, कान में किसी प्रकार का आभूषण है वर्जित




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, व्यापम रायपुर द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा को लेकर कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने केंद्राध्यक्ष, परिवहन अधिकारी (आब्जर्वर)की कलेक्ट्रट सभागार में बैठक ली। उन्होंने केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही उन्होंने सभी केंद्रों में दीवाल घड़ी लगाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिले में उच्च शिक्षा संचालनालय के अंतर्गत प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 03 अगस्त 2025, रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 01.15 बजे तक 33 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

**अभ्यार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश:**परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग (Frisking) एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि यह परीक्षा प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ हो रहा है अतः मुख्य द्वार प्रातः 10.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। परीक्षा में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जायेगी।

# डिप्टी सीएम साव ने की नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री साव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित मैराथन बैठक में विभागीय योजनाओं का सक्रियता से क्रियान्वयन कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने तथा स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों को प्रभावी तरीके से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में 25 से अधिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक आर. एक्का भी बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि शहरों को स्वच्छ, सुंदर और नागरिक सुविधाओं से परिपूर्ण बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। बीते डेढ़ वर्षों में नगरीय प्रशासन विभाग ने कई नवाचार किए हैं, जिससे शहरी सेवाओं में व्यापक सुधार आया है। विभागीय योजनाओं और सुविधाओं के क्रियान्वयन में और ज्यादा गति तथा पारदर्शिता के साथ परिणाममूलक कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया, जिससे कि शहरों के विकास को नई दिशा दी जा सके। उप मुख्यमंत्री ने राज्य शहरी विकास अभिकरण (SUDA) द्वारा संचालित ई-गवर्नेंस और मोर संगवारी योजना की समीक्षा करते हुए इनकी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निदान-1100 योजना के विस्तार के साथ ही नए आरएएफपी की प्रक्रिया को शीघ्र अंतिम रूप देने को कहा। उन्होंने अमृत मिशन के तहत बस्तर और सरायपाली के लिए तैयार किए गए डीपीआर का जल्दी परीक्षण कर प्राथमिकता से स्वीकृत करने को कहा। साव ने स्थानीय निकायों के वर्गीकरण और सेट-अप में सुधार के लिए राज्य शासन को भेजे गए प्रस्तावों की समीक्षा की। उन्होंने इंजीनियरों की भर्ती की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त कर इसमें तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सभी विभागीय कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा नगरीय निकायों को दक्ष और जवाबदेह बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत प्रस्तावित योजनाओं पर कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने ईईएसएल के साथ हुए अनुबंध के अंतर्गत पारंपरिक लाइट्स को एलईडी में बदलने का कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो सके, इसके लिए सभी नगरीय निकायों के आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को प्रतिदिन विद्युत संधारण कार्यों की निगरानी और समीक्षा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने भिलाई क्लस्टर के लिए तैयार इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना को जल्द अमल में लाने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की उप सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव और डॉ. ऋतु वर्मा, राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार रायस्त, अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य और मुख्य अभियंता राजेश शर्मा सहित नगरीय प्रशासन विभाग एवं सुडा के अधिकारी बैठक में मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ के जेलों में होगी 100 प्रहरियों की भर्ती, मिली मंजूरी




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ की जेलों में 100 प्रहरियों की भर्ती के लिए राज्य शासन से मंजूरी मिल गई है। हालांकि अभी भर्ती नियम को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है, लेकिन इस बार रिटर्न को सरल करके शारीरिक परीक्षण को और कड़ा करने पर विचार किया जा रहा है। जेल मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक जेल प्रहरियों की भर्ती व्यापमं या फिर पीएससी से होगी इस पर अंतिम फैसला अभी नहीं लिया गया है। व्यापमं ने दिसंबर तक परीक्षा लेने का समय नहीं होने की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी है। ऐसे में परीक्षा के लिए जेल विभाग इंतजार करेगा या फिर पीएसपी से जरिये प्रक्रिया पूरी होगी यह साफ नहीं है।

**पहले लिखित परीक्षा फिर शारीरिक परीक्षण:**जेल मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक जेल प्रहरियों के भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं या 12 वीं पास और आयु सीमा 18 से 26 वर्ष रखी जाती है। कुछ मामलों में छूट संभव है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में ऊंचाई, छाती की माप के अलावा दौड़, गोला फेंक और ऊंची कूद के दौर से गुजरना पड़ता है। फिटनेस के पहले लिखित परीक्षा ली जाएगी ताकि शारीरिक परीक्षण में पद के अनुरूप अभ्यर्थियों को बुलाया जा सके।

## डिप्टी सीएम साव ने बिल्हा के सफाई कर्मियों को किया सम्मानित


### कार्यक्रम में मौजूद लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री साव ने बिल्हा नगर पंचायत को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने में अहम योगदान के लिए वहां की स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने बिल्हा के कन्या भवन में आयोजित सम्मान समारोह में 28 स्वच्छता दीदियों, 20 सफाई मित्रों और दस स्वच्छता कमांडोज को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में बिल्हा ने 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में देश के सबसे साफ-सुथरे शहर का पुरस्कार हासिल किया है। बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक और क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी भी सम्मान समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों से कहा कि आप लोगों के कारण छत्तीसगढ़ को देश में बड़ी प्रतिष्ठा मिली है। स्वच्छता में देश में प्रथम स्थान हासिल करना हम सबके लिए गौरव की बात है। अब हमें इसे बरकरार रखना होगा। बिल्हा के एक-एक व्यक्ति को स्वच्छता के लिए संकल्प लेना होगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। स्वच्छता हमारे संस्कार और स्वभाव में है। हर व्यक्ति चाहता है कि हमारा घर साफ-सुथरा रहे। शहर भी हमारा घर है, इसे साफ रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ को स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। इसमें शामिल हमारे 169 शहरों में से 115 ने अपनी रैंकिंग सुधारी है। राज्य की इस उपलब्धि में स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का अमूल्य योगदान है जिसके लिए वे अभिनंदन के पात्र हैं।

साव ने कहा कि बिल्हा के लोगों को सफाई के लिए संकल्पित होना होगा। यह हमारे लिए चुनौती है कि हम स्वच्छता में अपना मुकाम बरकरार रखे। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बिल्हावासियों की सहभागिता से बिल्हा को स्वच्छ और सुंदर बनाने का काम आगे भी बनाए रखना संभव है। उन्होंने कहा कि बिल्हा के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। कार्यों के प्रस्ताव मिलते ही अगले दिन राशि मंजूर कर दी जाएगी। विधायक धरमलाल कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास के पन्नों में बिल्हा का नाम दर्ज हुआ है। पूरे देश में बिल्हा को प्रथम स्थान मिला है। यह हमारे लिए गौरव का क्षण है। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों के सक्रिय योगदान से ही हमें यह उपलब्धि हासिल हुई है। स्वच्छता सेवा और समर्पण का काम है, जिसे हमारी स्वच्छता दीदियां और सफाई मित्र मनोयोग से कर रहे हैं। बिल्हा नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती वंदना जेण्ड्रे ने कहा कि स्वच्छता दीदियों में काम करने का अद्भुत जज्बा है।

## आर्थिक तंगी से परेशान नाबालिग ने लगाई फांसी




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** राजधानी के विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत नरदहा गांव से शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 17 वर्षीय नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव गांव के स्कूल बिल्डिंग के पीछे एक पेड़ से लटकता मिला। सूचना मिलते ही विधानसभा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक सूरज यादव गांव में ही चाय-नाश्ते की दुकान चलाता था और बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

**नाबालिग की लाश देख गांव में सनसनी:**सुबह जब गांव के लोग बाहर निकले, तो स्कूल के पीछे पेड़ से लटकती लाश देख सन्न रह गए। कुछ ही देर में यह खबर पूरे गांव में फैल गई। परिजनों को जब इसकी जानकारी मिली तो घरों में मातम पसर गया।

**पुलिस जुटी जांच में, नहीं मिला सुसाइड नोट:**पुलिस ने बताया कि मृतक सूरज यादव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे की सही वजह सामने आ सके। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में आर्थिक तंगी ही आत्महत्या की वजह मानी जा रही है, लेकिन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## अमलीडीह एक्सप्रेस वे जॉइंट रोड निर्माण जल्द शुरू करने NSUI ने सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** अमलीडीह क्षेत्र की बदहाल सड़कों और बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी को लेकर हस्ढ्ढ ने प्रदेश सचिव कुणाल दुबे के नेतृत्व में नगर निगम जोन क्रमांक-10 के जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने एक्सप्रेस वे जॉइंट रोड निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि अमलीडीह क्षेत्र की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, आए दिन जलभराव, जाम और दुर्घटनाएं होती हैं। राहगीरों, स्कूली बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिक लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। सिर्फ सड़क ही नहीं, वार्ड में नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, सफाई व्यवस्था और पेयजल संकट जैसी समस्याएं भी बनी हुई हैं। एन.एस.यू.आई ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

इस दौरान एन.एस.यू.आई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल, जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान, जिला महासचिव संस्कार पांडेय, तनिष्क मिश्रा, रोहन बाग सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जनहित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

कुणाल दुबे ने कहा, ÷हम शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग रख रहे हैं, लेकिन यदि नगर निगम ने लापरवाही जारी रखी, तो हम सड़कों पर उतरेंगे। अब देखना होगा कि नगर निगम प्रशासन जन समस्याओं को लेकर कितना गंभीर कदम उठाता है।

## श्रद्धा के बिना जीवन में कुछ नहीं : मनीष सागर



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में गुरुवार को चातुर्मासिक प्रचवनमाला में युवा मनीषी मनीष सागर महाराज ने कहा कि जीवन में श्रद्धा का गुण धारण करो। श्रद्धा का अर्थ आस्था, विश्वास व निष्ठा है। श्रद्धा का अर्थ है समर्पण। श्रद्धा का अर्थ है एक ऐसा प्रेम जो विश्वास का रूप लेता है। श्रद्धा के बिना जीवन नहीं चलता। श्रद्धा के बगैर जीवन शुन्य है। श्रद्धा केवन देव,गुरु और धर्म के प्रति ही नहीं अपनो के प्रति भी होनी चाहिए। तभी जीवन में एक दूसरे के प्रति विश्वास बना रहेगा।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि श्रद्धा तभी आएगी जब विश्वास होता है। हमारी ताकत विश्वास है। यह विश्वास हमें ऊर्जा देता है। विश्वास एक उल्लास देता है। श्रद्धा और विश्वास पर ही दुनिया टिकी है। भक्ति बाद में होती है प्रीति पहले होती है। जैसे परमात्मा एवं गुरु हमें अच्छे लगते हैं फिर हम उनकी पूजा करते हैं। धर्म व शस्त्र जीवन के अमृत लगे फिर इनका सेवन होता है। पहले प्रीति होगी फिर भक्ति होगी तो श्रद्धा सही रूप लेगी। हम भी देव,गुरु और धर्म से प्रीति भक्ति करे।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि पहले प्रीति फिर भक्ति तो श्रद्धा सही रूप लेगी। हमें भी देव,गुरु और धर्म से प्रीति और भक्ति करना चाहिए। शर्त ही पहले गुणों से प्रेम हो। गुण लुभाएंगे तो ही प्रीति व समर्पण आएगा। ऐसा होकर ही भक्ति आएगी। भक्ति और प्रीति से ही गुणों को धारण कर सकेंगे। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि एक स्वार्थी लोभी व लालची व्यक्ति दूसरे का हित नहीं कर सकता। सभी ऐसा ही जीवन जी रहे हैं जहां इच्छा पूर्ति होगी तो उससे राग करो और जहां इच्छा की उपेक्षा हो उससे लड़कर द्वेष करो। इसी के चक्कर में पूरी जिंदगी निकल जाती है। बुद्धि होने से समझ आ जाता है लेकिन शुद्धि नहीं होने से भावना समझ में नहीं आती। इसलिए मनुष्य भव में भोग व हिंसा होती रहती है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि गुणवान मित्र ही हमें जीवन में बनाना चाहिए। जिसमें विनय, सरलता, नैतिकता, इंसानियत, सदाचार, दया हो। परमात्मा और गुरु के प्रति समर्पण हो। ऐसे गुणवान मित्र के अंदर के गुण को देखना है और उन्हें पाना है। जो इस दुनिया में दुर्लभ है और इस संसार में गुण होना बड़ा दुर्लभ है। ऐसे लोग परमात्मा के मंदिर, गुरु के उपाश्रय और सत्संग में भी कुछ ही मिलेंगे। किसी का गुण देखो तो उसके प्रति आकृष्ट हो जाना चाहिए। माता-पिता और बड़े जो अनुभवी हो उनसे मित्रता होनी चाहिए।

# विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ

**राजगढ़, (एजेंसी)।** जिला अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा शुक्रवार को विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाया जाएगा। जिसका मुख्य उददेश्य स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और माताओं को इसके लिए प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्तनपान नवजात शिशु के लिए प्रकृति का अनुपम उपहार है यह न केवल शिशु को बीमारियों से बचाता है बल्कि उसके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक मां



को अपने शिशु को पहले छह महीने तक सिर्फ स्तनपान कराना चाहिए और उसके बाद पूरक आहार के साथ भी स्तनपान जारी रखना चाहिए। सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल ने एसएनसीयू में भर्ती बच्चों की माताओं को बताया कि यहां से जाने के बाद बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होगी। बच्चों को स्तनपान कराने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं देना है, यहां तक की पानी भी नहीं पिलाना है। स्तनपान में सभी आवश्यक पोषक तत्व और एंटीबाडीज होते है, जो उसे संक्रमण से बचाते हैं। मां के लिए प्रसवोत्तर रक्तस्त्राव को कम करने, गर्भाशय को सामान्य आकार में लाने और स्तन कैंसर व डिम्बग्रंथि के कैंसर के जोखित को कम करने में मदद मिलती है। स्तनपान बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी लाता है। इसीलिए ग्रामीण स्तर तक आशा, एएनएम और सीएचओ स्तनपान सप्ताह में कई प्रकार के जागरूकता लाने वाले

# कलेटर ने दस्तक अभियान का किया औचक निरीक्षण

**राजगढ़, (एजेंसी)।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने खिलचीपुर के ग्राम कांकरिया का औचक निरीक्षण करते हुए ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस चैक किया। निरीक्षण के दौरान एएनएम और आशा कार्यकर्ता से बात करते हुए दस्तक अभियान की प्रगति का जायजा लिया और कमियां पाए जाने पर उनमें सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान खिलचीपुर बीएमओ डॉ. धर्मराज पच्चीसिया के अनुपस्थित पाए जाने और कोल्ड चैन हैंडलर द्वारा शुक्रवार को टीकाकरण प्लान लाइव नहीं किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा के इस औचक निरीक्षण से दस्तक अभियान संबंधी कई खामियां सामने आई। सेशन साइट पर आशा और एएनएम के पास प्रिंटेड ड्यू लिस्ट नहीं थी, यू विन पर सेशन प्लान नहीं था, एएनएम और सीएचओ के पास रिकार्ड अधूरा पाया गया। इन सभी कमियों को दूर कर आगामी सत्रों में जिले के किसी भी ग्राम में औचक निरीक्षण करने की बात कही। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से चर्चा करते हुए पूछा कि आपके बीपी और शुगर की जांच हो रही है या नहीं। गांव के आयुष्?मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ के पास उक्त जांचे कराकर अपने स्वास्थ्य का पूर्व परीक्षण कराना जरूरी है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलपी भकोरिया को निर्देशित करते हुए कहा कि दस्तक अभियान में कोई भी बच्चा नहीं छूटना चाहिए। कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने और उनके स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित करें। साथ ही अभियान अन्तर्गत की जा रही गतिविधियों की बराबर रिपोर्टिंग होना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की त्रुटी नहीं हो। इस अवसर पर मुख्?य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्रपाल सिंह और बीपीएम श्री रामबाबू

# केन्द्रीय जेल भैरवगड़ मे बंदियों की जांच एवं उपचार के लिए विशेष शिविर आयोजित

**उज्जैन, (एजेंसी)।** अगस्त 7जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।

28 से 31 जुलाई तक आयोजित शिविरों मे 1859 बंदियों की एचआईव्ही, सिफलिस, हेपेटाईटिस सी एवं बी तथा टीबी की स्क्रीनिंग की गई। उक्त शिविर का समापन 31 जुलाई को हुआ। समापन



अवसर पर केन्द्रीय जेल के जेलर एवं जेल अधीक्षक श्री मनोज कुमार साहू द्वारा शिविर में सेवायें देने वाले सभी स्टॉफ का अभिनंदन किया गया एवं आयोजित शिविरों को उपयुक्त बताया साथ ही समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित होते रहे ऐसी आशा व्यक्त की। अंत में श्री राहुल शर्मा द्वारा सभी जेल स्टाफ एवं हेपेटाईटिस टीम का आभार व्यक्त किया गया। आयोजित शिविरों में जिला चिकित्सालय के हेपेटाईटिस कार्यक्रम से श्री देवेंद्र गोठवाल, श्री इमरान खान सहित विभाग के 10 कर्मचारी व पीसी जेल प्रोग्राम श्री राहुल शर्मा टीम द्वारा सेवायें प्रदान की व सभी बंदियों का ब्लड सैंपल भी लिया गया किया ।नागरिकों से अपील है कि, टीबी शत प्रतिशत ठीक हो टीबी इलाज चिकित्सक की निगरानी में समय पर पुरा लिया जाये तो टीबी रोग पूर्ण ठीक हो जाता

# 01 से 07 अगस्त 2025 तक मनाया जायेंगा विश्व स्तनपान सप्ताह

**उज्जैन, (एजेंसी)।** अगस्त 7 जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशौक कुमार पटेल द्वारा बताया गया कि वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष माह अगस्त के प्रथम सप्ताह को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस वैश्विक पहल का उद्देश्य माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना है, विशेष रूप से स्तनपान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को घटाना है। यह विदित है कि माँ का दूध शिशु का पहला टीका होता है। 1 से 7 अगस्त, 2025 के दौरान संस्थागत एवं सामुदायिक स्तर पर अंतरविभागीय समन्वय से. विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है,जिसका उद्देश्य शिशु एवं बाल्यकालीन आहार संबंधी व्यवहारों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सामुदायिक वर्गो का सम्मिलित करते हुये, स्तनपान संबंधी आधारभूत शिक्षा एवं सहयोग प्रदान करना है7 इस वर्ष विश्व स्तनपान की थीमहै ।विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान समस्त संस्थागत प्रसव केन्द्रों में जन्म के 1 घंटे के भीतर शीघ्र स्तनपान सुनिश्चित किये जाने के लिये संवेदीकरण गतिविधियां आयोजित की जाती है। यह साक्ष्य आधारित है कि शिशु बाल आहारपूर्ति व्यवहारों यथा जन्म के 1 घण्टे के भीतर शीघ्र स्तनपान, 06 माह तक केवल स्तनपान 06 माह उपरांत स्तनपान के साथ-साथ उपरी आहार एवं कम से कम 2 वर्ष की उम्र तक स्तनपान जारी रखने से शिशु मृत्यु दर में 22 प्रतिशत तक कमी संभव है। यह शिशु स्वास्थ्य संबंधी एक ऐसी गतिविधि है जिसमें सामुदायिक जागरूकता से ही समुदाय में व्यवहार परिवर्तन संभव है ।विश्व स्तनपान सप्ताह के अन्तर्गत सामुदायिक जागरूकता एवं सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिये यह बताना आवश्यक है कि, माँ का प्रथम दूध अमृत के समान है, हमे आज यह शपथ लेना है कि हम स्वयं अपने परिवार मे कोई भी प्रसव होने पर एक घंटे के भीतर बच्चे को स्तनपान अवश्य करवाऐंगे। साथ ही अपने परिचित एवं संबंधियों को इस संदेश को पहुंचाऐंगे। प्रथम छः माह तक केवल माँ का दूध ही बच्चे के लिये पर्याप्त है, उसे कुछ उपर से नही देना है जैसे शहद, घुट्टी, चॉय आदि। छः माह बाद चूकि बच्चे को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये अधिक पोषण आहार की

# केवल परंपरागत मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का ही उत्पादन व विक्रय होगा

**इन्दौर, (एजेंसी)।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशानुसार मूर्ति निर्माण में पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों के पालन हेतु आज कलेक्टर कार्यालय इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रोशन राय द्वारा की गई। इस अवसर पर नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा मूर्तिकार संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में रोशन राय ने प्रदूषण की रोकथाम के लिये राष्ट्रीय हरित अधिकरण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी की गई गाईड लाईन और निर्देशों के बारे में मूर्तिकारों को जानकारी दी गई। निर्देश दिये गये कि वे गाईड लाईन और निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। बैठक में मूर्ति निर्माण हेतु उपयोग की जाने वाली सामग्री एवं प्रक्रिया को पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर विशेष बल दिया गया। मूर्तिकारों को निर्देशित किया गया कि वे भगवान श्री गणेश एवं माता दुर्गा की मूर्तियों के निर्माण में केवल उन्हीं प्राकृतिक सामग्रियों का ही इस्तेमाल किया जाये, जैसा कि पुराने ग्रन्थों में उल्लेखित है। मूर्तियों के निर्माण में परंपरागत मिट्टी का ही उपयोग किया जाये। पकी हुई मिट्टी, पी0ओ0 पी0 (प्लास्टर ऑफ पेरिस) या किसी प्रकार के केमिकल व रासायनिक वस्तुओं का उपयोग मूर्ति निर्माण में किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। मूर्ति निर्माण में पी0ओ0पी0 के विकल्प के रूप में अन्य प्राकृतिक सामग्री जैसे पेपर आदि का इस्तेमाल किया जाये। मूर्ति पर कलर हेतु केवल प्राकृतिक रंगों व गैर विषाक्त रंगों का इस्तेमाल किया जाये । किसी भी प्रकार के रासायनिक व विषाक्त रंगों का इस्तेमाल पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। जिले में केवल परंपरागत मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का ही उत्पादन व विक्रय किया जा सकेगा। परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थों से बनाई जानी वाली प्रतिमाओं के उत्पादन तथा विक्रय, बाहर ले जाने या बाहर से लाना प्रतिबंधित रहेगा।

# जिले में लगातार बढ़ रही है शक्ति दीदियों की संख्या, 7 और जरूरतमंद महिलाएँ बनी शक्ति दीदी

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में शक्ति दीदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार एक अगस्त को 7 और जरूरतमंद महिलाएँ शक्ति दीदी बनाई गईं। इन सभी महिलाओं ने जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभाल ली है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्वालियर जिले में शक्ति दीदी के नाम से कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नवाचार किया है। जिसके तहत जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में पेट्रोल पंपों पर नौकरी दिलाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिले में कुल मिलाकर अब तक 64 जरूरतमंद महिलायें विभिन्न पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदी के रूप में काम कर रही हैं ।कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शुक्रवार को इन्द्रप्रस्थ फिलिंग स्टेशन गोले का मंदिर पर सुश्री छाया, सुश्री कल्पना भदौरिया व सुश्री कृष्णा शर्मा को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शक्ति दीदियों से चर्चा करते हुए कहा कि पूरी लगन और मेहनत के साथ कार्य



करें। साथ ही अगर अवकाश पर जाना है तो पेट्रोल पंप संचालक को एक दिन पूर्व सूचित करें, ताकि पंप के संचालन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इसी तरह सरोज फ्यूल शॉपी विक्की फैक्ट्री तिराहा पर एसडीएम झांसी रोड श्री अतुल सिंह ने सुश्री पूजा विश्वकर्मा को, सेठ रतिलाल बेचारदास पम्प फूलबाग पर संयुक्त कलेक्टर श्री डी एन सिंह ने सुश्री आरती को, विवेक ऑटोमोबाइल सांई बाबा मंदिर रोड फूलबाग पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जैन ने सुश्री शिवानी बाथम को एवं रामजानकी फ्यूल गदाईपुरा मुरैना रोड पर एसडीएम श्री अशोक चौहान ने सुश्री नीतू को शक्ति दीदी के तहत फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपी।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए कि शक्ति दीदियों का विशेष ध्यान रखें और उन्हें प्रावधानों के अनुसार मानदेय व सुविधायें प्रदान की जाएं। उन्होंने थाना प्रभारी को भी निर्देश दिए कि जिन पेट्रोल पंप पर शक्ति दीदी तैनात हैं उन पर लगातार गश्त करते रहें। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार पुलिस अधिकारी, पेट्रोल पंप संचालक एवं शक्ति दीदियों को शामिल कर एक वॉट्सएप ग्रुप में नई शक्ति दीदियों को जोड़ें।

कलेक्टर ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि वे पेट्रोल पंप पर अपने वाहनों में डीजल पेट्रोल भरवाते समय शक्ति दीदियों के प्रति सम्मान का भाव रखें। साथ ही उनकी हौसला अफजाई भी करें। पेट्रोल पंप पर शक्ति दीदी सुविधाजनक तरीके से काम कर सकें। इसके लिये उनके कार्य का समय प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक रखा गया है।

# सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी हेलमेट पहनने संबंधी निर्देशों और प्रावधानों का अनिवार्य रूप से करें पालन

**इन्दौर, (एजेंसी)।** कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि हेलमेट लगाने के संबंध में जारी निर्देशों और प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित किया जाये। सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी इसका पालन अनिवार्य रूप से करें। इस संबंध में यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके कार्यालय में दो पहिया वाहनों से आने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारी हेलमेट पहन कर ही आयेंगे।

इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि समय-समय पर केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा भी निर्देश दिये गये हैं। साथ ही मध्यप्रदेश मोटर यान मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा-129 में स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक दो पहिया वाहन सवारी तथा वाहन चालक अनिवार्य रूप से आईएसआई मार्क हेलमेट (सुरक्षात्मक टोप) पहनेंगे। बिना हेलमेट धारण किये चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों की सड़क में दुर्घटना एवं असामयिक मृत्यु होने का खतरा बना रहता है। इस संबंध में पृथक से प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किये गये हैं।

कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय और सभी अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों के शासकीय सेवकों को भी इस संबंध में पृथक से निर्देश जारी करते हुए हेलमेट पहनने संबंधी निर्देशों और प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है। कहा गया है कि जो कर्मचारी दो पहिया वाहनों से कार्यालय आते हैं वे हेलमेट पहनकर ही आयें।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा हेलमेट पहनने संबंधी जारी निर्देशों का आज विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने समर्थन किया है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह से इस संबंध में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी श्री हरीश बोयत के नेतृत्व में सर्वश्री रमेश यादव, दिनेश परमार, प्रशांत शास्त्री, श्रीमती रंजना दीक्षित और बड़ी संख्या में कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी मिलने आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। कर्मचारी संगठनों ने इंदौर के यातायात सुधार के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा प्रारंभ की गई मुहिम का समर्थन किया। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि आप लोग सभी कर्मचारियों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करें और समाज में जनजागरूकता लायें।

# बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं - पुलिस जवान को भी लौटाया गया

**इन्दौर, (एजेंसी)।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह द्वारा जारी नो हेलमेट, नो पेट्रोल प्रतिबंधात्मक आदेश का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। जिले भर में गठित दल फील्ड में सक्रिय रूप से निरीक्षण कर रहे हैं। आज एक पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पहने पहुंचे एक पुलिस जवान को भी पेट्रोल नहीं दिया गया और उन्हें समझाईस के साथ वापस लौटा दिया गया। इस सख्ती से यह संदेश स्पष्ट हुआ है कि नियम सभी पर समान रूप से लागू हैं। खाद्य नियंत्रक श्री मोहनलाल मारू ने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य जनजागरूकता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हेलमेट जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। शासन, प्रशासन और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट भी आमजन की सुरक्षा को लेकर चिंतित है।

# कलेटर श्रीमती चौहान ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश

**ग्वालियर, (एजेंसी)।** स्वास्थ्य सुविधाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले कम्युनिटी हैल्थ ऑफीसर (सीएचओ) के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने 6 सीएचओ को सेवा से बर्खास्त करने तथा 2 सीएचओ को अपने कर्तव्य पर जितने दिन अनुपस्थित रहे हैं, उससे दोगुना दिनों का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का आम जनों को समय पर लाभ मिले, इसके लिये सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मुस्तैदी के साथ कार्य करने की हिदायत दी है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. आर के शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के सम्पूर्ण जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने समीक्षा के दौरान कहा कि जिले में कई कम्युनिटी हैल्थ ऑफीसर अपने कर्तव्य स्थल पर न जाकर कहीं से भी एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं।

इसके साथ ही बिना अनुमति के अपने कर्तव्य स्थल पर नहीं पहुँच रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को स्पष्ट रूप से कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

कलेक्टर चौहान ने जिले में संचालित एनआरसी केन्द्रों की समीक्षा के दौरान कहा है कि जिले के सभी एनआरसी केन्द्र पूरी क्षमता के साथ संचालित हों, यह सुनिश्चित किया जाए।



## संक्षिप्त समाचार

### सोने और चांदी की कीमतों में नरमी



**नई दिल्ली (ईएसएस)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट का प्रभाव भारतीय बाजार पर भी पड़ा है और कीमतें घटीं हैं। इससे घरेलू बाजार में सोने की कीमतें आज 98,600 रुपये, जबकि चांदी 1,09,850 रुपये के करीब हैं। आज सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज सुबह गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का अक्टूबर अनुबंध आज 67 रुपये नीचे आकर 98,702 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 98,769 रुपये था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर अनुबंध आज 118 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,09,854 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,09,973 रुपये था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन चांदी के भाव तेजी के साथ खुलने के बाद गिर गए। कामेक्स पर सोना 3,342.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव प्राइस 3,348.60 डॉलर प्रति औंस था। वहीं कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.78 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला क्लोजिंग प्राइस 36.71 डॉलर था।

### करोड़ों का करोबार करती है शार्दुल की पत्नी मिताली

**लंदन (एजेंसी)।** अभी भारतीय



टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गये ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की पत्नी मिताली पारुलकर एक सफल कारोबारी है। शार्दुल और मिताली की लव मैरिज है। लंब डेटिंग के बाद शार्दुल ने नवंबर 2021 में मुंबई में एक सादे सगाई समारोह में मिताली को प्रपोज किया था। इस कार्यक्रम में जिसमें रोहित शर्मा और केएल राहुल जैसे टीम के साथी खिलाड़ियों सहित उनके करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे। इसके 2 साल बाद उन्होंने 27 फरवरी 2023 को मुंबई के पास कर्जत में एक भव्य मराठी शैली में शादी की। इस समारोह में रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और युजवेंद्र चाहर सहित भारतीय क्रिकेट की कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं थी। शार्दुल ठाकुर की पत्नी मिताली ने बी.कॉम की डिग्री हासिल की थी। मिताली के पिता एक बिजनेसमैन हैं, कॉमर्स की पढ़ाई पूरी करने के बाद मिताली ने एक कंपनी में सेक्रेटरी के रूप में अपना करियर शुरू किया। हालांकि उन्हें यह काम पसंद नहीं आया। इसके बाद उन्होंने अपना बेकरी कारोबार शुरू किया। जो तेजी से बढता गया। आज वह इस बिजनेस से करोड़ों रुपये कम रही हैं।

# एलन मस्क की स्टारलिंक को इंटरनेट सेवा शुरू करने की मिली मंजूरी



नई दिल्ली,(एजेंसी)। एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही स्पेक्ट्रम अलॉटमेंट और गेटवे सेटअप का ढांचा भी तैयार कर लिया गया है ताकि सेवाओं की लॉन्चिंग में कोई दिक्कत न आए। यह जानकारी केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी। यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब देश में पहली बार मोबाइल कॉल किए जाने के 30 साल पूरे हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सिंधिया ने कहा कि स्टारलिंक को यूनिफाइड लाइसेंस मिल गया है। स्पेक्ट्रम अलॉटमेंट और गेटवे की रूपरेखा तैयार है, जिससे सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं का रोलआउट आसानी से हो सके। स्टारलिंक के साथ ही भारती ग्रुप समर्थित यूटेलसैट वनवेब और जियो एसईएस भी अपने सैटकॉम सर्विसेज शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम अलॉटमेंट का इंतजार कर रही है। सिंधिया ने कहा कि पिछले 11 साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की डिजिटल यात्रा ऐतिहासिक रही है। टेलीफोन कनेक्शन अब 1.2 अरब हो गए हैं, जबकि इंटरनेट सब्सक्रिप्शन करीब 286 फीसदी से बढ़कर 97 करोड़ हो गया है। ब्रॉडबैंड कनेक्शन 2014 के 6 करोड़ से बढ़कर 94.4 करोड़ हो गए यानी 1,450 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। मोबाइल डेटा की कीमतें 96.6 फीसदी घटीं और अब सिर्फ 8.9 प्रति जीबी में डेटा उपलब्ध है, जिससे भारत दुनिया में सबसे सस्ता डेटा देने वाला देश बन गया है। सिंधिया ने बताया कि बीएसएनएल का रिवाइवल भी बड़ी उपलब्धि है। 18 साल में पहली बार बीएसएनएल ने लगातार दो साल मुनाफा कमाया—वित्त वर्ष 2024–25 में 262 करोड़ और 280 करोड़। 83 हजार से ज्यादा 4जी साइट्स लगाई गईं, जिनमें से 74,000 चालू हैं। एआई–आधारित मॉनिटरिंग और फाइबर फॉल्ट 12 घंटे में ठीक करने जैसी सुविधाओं ने सेवा को और बेहतर बनाया है। भारत का 5जी रोलआउट भी रिकॉर्ड तोड़ रहा है। 99.6 फीसदी जिलों में 5जी पहुंच गया है, 4.74 लाख 5जी टावर और 30 करोड़ यूजर्स हैं। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति 5जी डेटा यूज करने वाला देश बन गया है, भारत 6जी पेटेंट फाइलिंग में भी दुनिया के टॉप 6 देशों में शामिल है।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला

**मुम्बई (एजेंसी)।** मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर खुला। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन एशियाई बाजारों में गिरावट से भी घरेलू बाजार पर दबाव आया जिससे भी बाजार नीचे आया है। अमेरिका के रिसिप्रोकल ट्रैरिफ लगाने के बाद से ही दुनिया भर के बाजारों में गिरावट दर्ज की गयी। इसी कारण आज सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक की गिरावट के साथ ही 81,074 पर खुला। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी टूटकर 24,734.90 पर खुला। आज सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा के शेयर सबसे ज्यादा गिरे। अमेरिका के आयात पर पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद से ही दवा कंपनियों के शेयर भी गिरे हैं।




महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, पावर ग्रिड के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। वहीं दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर शुरुआती कारोबार में करीब 4 फीसदी ऊपर आये। जून तिमाही के परिणाम अच्छे रहने से एफएमईसीजी कंपनी के शेयर उछले। कोटक बैंक, आईटीसी, मारुति, एशियन पेंट्स के शेयर उछले। ब्रोडर मार्केटस में निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.1 फीसदी की तेजी रही पर निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.18 फीसदी की गिरावट आई। क्षेत्र के आधार पर देखें तो निफ्टी फार्मा इंडेक्स सबसे ज़्यादा 1.5 फीसदी गिरा। निफ्टी आईटी इंडेक्स भी 0.5 फीसदी टूटा। जबकि निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स में 1 फीसदी की बढ़त रही। वहीं दूनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट आई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 3.4 फीसदी नीचे आया जबकि जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.4 फीसदी गिरा। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.11 फीसदी टूटा। अमेरिकी शेयर बाजार भी कमजोर कॉरपोरेट परिणाम और आर्थिक आंकड़ों के कारण गत दिवस गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 23.51 अंक टूटकर 6,339.39 पर और नैस्डैक 7.23 अंक फिसलकर 21,122.45 पर बंद हुआ।

## पीकेएल का 12 वां सत्र 29 अगस्त से शुरु होगा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12 वां सत्र 29 अगस्त से शुरु होगा और 23 अक्टूबर तक खेला जाएगा। पीकेएल–12 के सभी मुकाबले विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली जैसे 4 शहरों में खेले जाएंगे। इन शहरों में कुल 108 लीग स्तर के मैचों का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट का शुरुआती मुकाबला राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटंस, तमिल थलाइवास और बेंगलुरु बुल्स बनाम पुनेरी पलटन के बीच खेला जाएगा। पीकेएल–12 के कार्यक्रम की घोषणा मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस हेड और पीकेएल लीग के कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने की। इस सत्र में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी और मुकाबले चार शहरों विशाखापट्टनम जयपुर चेन्नई और दिल्ली में खेले जाएंगे। 2018 के बाद पहली बार विशाखापट्टनम में पीकेएल की वापसी हो रही है। कमिश्नर गोस्वामी ने कहा, ये 12 वां सत्र प्रो कबड्डी लीग के विकास में एक रोमांचक नया अध्याय है। मल्टी–सिटी फॉर्मेट के साथ हम देशभर के प्रशंसकों तक शीर्ष स्तर के कबड्डी मैच ला रहे हैं। विशाखापट्टनम में वापसी को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। यह दिखाता है कि हम अपने प्रशंसकों के करीब जाना चाहते हैं। सीजन 12 प्रो कबड्डी लीग के विकास को भी दिखाता है। विशाखापट्टनम में वापसी को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। यह दिखाता है कि हम अपने प्रशंसकों के करीब जाना चाहते हैं। प्रो कबड्डी सीजन 12 का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग भी होगी।

## संन्यास के बाद भी करोड़ों कमा रहे यूसुफ पठान



**वडोदरा (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान खेल से संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कम रहे हैं। यूसुफ पठान की नेट वर्थ तकरीबन 200 करोड़ रुपए के आसपास है। पठन बीसीसीआई की पेंशन और लीग क्रिकेट के ही निवेश से भी सालाना करीब 18 करोड़ रुपए कमाते हैं। यूसुफ पठान जून 2024 से पश्चिम बंगाल के बहरामपुर लोकसभा सीट से सांसद भी हैं। उनका वडोदरा में एक आलीशान घर है, जिसकी कीमत लगभग 6 करोड़ के आसपास है। 2008 में उन्होंने अपने भाई इरफान पठान के साथ इस घर को खरीदा था। इसके अलावा उन्होंने कई रियल एस्टेट कंपनियों में भी निवेश किया है। उन्हें लग्जरी कार का भी बहुत शौक हैं। उनके पास फोर्ड एंडेवर, बीएमडब्ल्यू एक्स5 जैसी लक्जरी कार शामिल हैं। पठान ने अपने करियर के दौरान भारतीय टीम की ओर से 57 एकदिवसीय मैचों में 810 रन और 33 विकेट लिए हैं। इसके अलावा 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके नाम 236 रन और 13 विकेट हैं। आईपीएल में भी उन्होंने 174 मैच खेलकर 3204 रन और 42 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड में पूर्व क्रिकेटरों की लीग में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था।

## करुण सबसे लंबे समय के बाद अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने

**ओवल (एजेंसी)।** आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले बल्लेबाज करुण नायर का बल्ला आंखिर चल ही गया। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शुरुआती मैचों में विफल रहे करुण ने मेजबान टीम के खिलाफ यहां जारी अंतिम अंतिम क्रिकेट टेस्ट में दबाव के बीच ही नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को संभाला। जब टीम के अन्य बल्लेबाज विफल हो रहे थे तो करुण ने एक छोर संभाले रखा और अपने पचास रन पूरे किये। करुण ने इस प्रकार 3149 दिनों के बाद 50 रन बनाये हैं। इससे पहले दिसंबर 2016 में उन्होंने अर्धशतक लगाया था। ये टेस्ट



मैचों में दो अर्धशतकों के बीच दूसरा सबसे लंबा अंतराल है। वहीं भारतीय बल्लेबाजों द्वारा दो टेस्ट अर्धशतकों के बीच सबसे लंबे अंतराल का रिकॉर्ड पूर्व क्रिकेटकीपर पार्थिव पटेल के नाम है। पार्थिव ने चौथा अर्धशतक साल अक्टूबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 54 और पांचवां अर्धशतक नवंबर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 67 के बीच सबसे लंबा अंतराल, 4426 दिन का है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक वह करुण ने जहां 52 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम अपनी अपनी पारी में 6 विकेट पर 204 रन बनाने में सफल रही। करुण ने अपनी करियर की शुरुआत में भी इंग्लैंड के खिलाफ ही तिहरा शतक 303 रन बनाये थे। इसके बाद वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण टीम से बाहर हो गये थे। करुण इस सीरीज के शुरुआती तीन मैच में असफल रहे जबकि चौथे मैच में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। अब पांचवे मैच में अपने प्रदर्शन से करुण ने साबित कर दिया कि उनका चयन सही था।

## ईसीबी ने 'द हंड्रेड' की टीमों के लिए चार फ्रेंचाइजियों को अपना रणनीतिक साझेदार बनाया



**लंदन (ईमएस)।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 'द हंड्रेड' की टीमों के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की चार फ्रेंचाइजियों को अपना रणनीतिक साझेदार बनाया है। इन टीमों को इस साल एक अक्टूबर तक परिचालन नियंत्रण प्राप्त हो जाएगा।इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि जिन चार टीमों को साझेदार बनाया गया है। वे हैं जीएमआर, सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड, आरपीएसजी समूह और रिलायंस समूह। ईसीबी के अनुसार इस प्रकार के करार से उसे खेल के विकास के लिए करोड़ों पाउंड की राशि मिलेगी। ईसीबी ने कहा कि दो और साझेदारों की बाद में औपचारिक रूप से पुष्टि हो जाएगी। इन आईपीएल टीम मालिकों ने हाल के महीनों में 'द हंड्रेड' की टीमों में हिस्सेदारी हासिल की थी। इनमें से कुछ मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक हैं। दक्षिण अफ्रीका की प्रमुख टी20 प्रतियोगिता एसए20 में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमों के मालिक भी हैं। बोर्ड ने कहा, ''ईसीबी ने आज 'द हंड्रेड' के विकास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि की पुष्टि की है जिसके अंतर्गत 'द हंड्रेड' टीमों के पहले छह रणनीतिक साझेदारों के साथ सौदे पूरे हो गए हैं।''

अब तक इनके साथ हुए करार

लंदन स्पिरिट – टेक टाइटन्स (49 फीसदी)

बर्मिंघम फीनिक्स – नाइटहेड कैपिटल मैनेजमेंट, एलएलसी, अपने निवेशकों (नाइटहेड) की ओर से (49फीसदी)

मैनचेस्टर ओरिजिनल्स – आरपीएसजी ग्रुप (70फीसदी)

नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स – सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड (100फीसदी)

सदर्न ब्रेव – जीएमआर ग्रुप (49फीसदी)

वेल्श फायर – वाशिंगटन फ्रीडम (50फीसदी)

दो सौदे जो बाद में औपचारिक रूप से पूरे होने की राह पर हैं, ये हैं-

ओवल इनविंसिबल्स – रिलायंस ग्रुप (49फीसदी)

ट्रेंट रॉकेट्स – कैन इंटरनेशनल और एरेस मैनेजमेंट (49फीसदी)

## एशिया कप में बुमराह के खेलने की संभावना नहीं - आकाश चोपड़ा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एशिया कप नहीं खेल पाये। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक यूएई में टी20 प्रारुप में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) के पास है पर इसका आयोजन तटस्थ स्थल के रुप में यूएई रखा गया है। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा अगस्त के मध्य में होने की संभावना है। चोपड़ा के अनुसार बुमराह की उपलब्धता एशिया कप के लिए पक्की नहीं है। उन्होंने कहा, बुमराह अगर उपलब्ध हैं तो मेरा मानना है कि उन्हें एशिया कप खेलना चाहिए। यह देखना होगा कि किस तरह की टीम चुनी जाती है पर यह पिछली बार चुनी गई टी20 टीम से बहुत अलग नहीं होगी। चोपड़ा ने यह भी कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को उनकी फिटनेस समस्याओं के कारण टूर्नामेंट के लिए शायद ही शामिल किया जाएगा। उन्होंने साथ ही कहा, मेरा मानना है कि शमी इसमें शामिल नहीं होंगे, क्योंकि शमी को केवल उनकी फिटनेस परखने और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार करने के लिए ही आखिरी बार टी20 टीम में शामिल किया गया था। अब जबकि टीम तय हो गयी है और ऐसे में अगर वह टेस्ट मैचों में नहीं खेलते हैं, तो मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट भी नहीं खेलेंगे।

## नये लुक में नजर आये धोनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अपनी हेयर स्टाइल के कारण हमेशा ही सबके आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। वह अपनी हेयर स्टाइल में लगातार बदलाव करते रहते हैं। शुरुआत में वह लंबे बालों के लिए जाने जाते थे। वहीं इसके बाद उन्होंने बालों को छोटा कर दिया। वहीं अब वह एक नये हेयरकट के साथ ही नये लुक में नजर आ रहे हैं। इसमें 44 साल की उम्र के बाद भी वह युवा और स्टाइलिश दिख रहे हैं। नई तस्वीरों में स्पाइक हेयर में धोनी ने लाइट बीयर्ड लुक ट्राई किया है। इस दौरान वह काले रंग की टी शर्ट और आंखों में चश्मा लगाए थे। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। कई लोगों ने इससे लाइक किया है। धोनी की पत्नी साक्षी धोनी ने भी इस पर कमेंट करते हुए लिखा कि आप बहुत यंग लग रहे हैं। तो एक अन्य यूजर ने लिखा कि धोनी सुपरस्टार हैं। धोनी अपनी हेयर स्टाइल से कभी भी समझौता नहीं करते, चाहे आईपीएल का कोई नया सत्र हो या कोई और इवेंट हो, धोनी हर बार एक नई हेयर स्टाइल में नजर आते हैं। अपने करियर की शुरुआती दौर में उन्होंने लंबे बाल रखे थे। इसके बाद उन्होंने अपने बालों को गोल्डन कलर करवाया था। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद धोनी ने अपने बाल दान किए थे और वह गंजे हो गए थे। कभी धोनी छोटे तो कभी लंबे बालों में नजर आये। उनका हर एक लुक प्रशंसकों को खूब पसंद आता है। धोनी आईपीएल 2025 खेलने के बाद से आजकल अपने परिवसर के साथ समय बिता रहे हैं।

## तेल विपरण कंपनियों ने घटाई कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की कीमत

### 1 अगस्त से लागू, होटल, रेस्टोरेंट व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की कीमतों में कटौती का ऐलान किया है। 1 अगस्त 2025 से यह कटौती लागू होगी। अब दिल्ली में 19 किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 33.50 रुपए सस्ता मिलेगा। नए दामों के मुताबिक दिल्ली में 19 किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1,631.50 में मिलेगा। घरेलू उपयोग के लिए 14.2 किलो वाले एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। बता दें यह लगातार दूसरा महीना है जब कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में कटौती की गई है। इससे पहले 1 जुलाई को इनकी कीमत 58.50 घटाई गई थी। तेल कंपनियों ने कहा है कि यह संशोधन देशभर में 1 अगस्त से लागू हो गया है। कमर्शियल सिलेंडरों की कीमत में कटौती से होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को राहत मिलने की उम्मीद है। दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी



सिलेंडर अब 1631 रुपए में मिलेगा। जुलाई में यह 1665 रुपए मिल रहा था। कॉमर्शियल सिलेंडर 34 रुपए सस्ता हुआ है। जबकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले की तरह आज भी आपको 853 रुपए में ही मिलेगा। कोलकाता में 1 अगस्त से कॉमर्शियल सिलेंडर 1734 रुपए में मिलेगा। जुलाई में 1769 रुपए में मिल रहा था। जबकि जून में यह 1826 रुपए में मिलता था। 1 अगस्त से यह 35 रुपए सस्ता हो गया है। मुंबई में कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट 1582.50 रुपए हो गए हैं। पहले 1616 रुपए में मिलता था और जून में 1674.50 रुपए में मिलतर था। मई में 1699 रुपए में मिलता था। यहां 33.50 रुपए प्रति सिलेंडर में कटौती की गई है। चेन्नई में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1789 रुपए हो गई है। जुलाई में इसकी कीमत 1823.50 रुपए थी और जून में 1881 रुपए में मिलता था। आखिरी बार 8 अप्रैल 2025 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपए का इजाफा हुआ था और यह दिल्ली में 853 रुपए का हो गया। तब से इसी रेट पर सिलेंडर मिल रहा है। इससे पहले 30 अगस्त 2023 को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों 200 रुपए की कटौती की गई थी। घरेलू सिलेंडर के आज के रेट पटना 942.5, दिल्ली 853.00, लखनऊ 890.5, जयपुर 856.5, आगरा 865.5, मेरठ 860, गाजियाबाद 850.5, इंदौर 881, भोपाल 858.5, लुधियाना 880, वाराणसी 916.5, गुरुग्राम 861.5, अहमदाबाद 860, मुंबई 852.50, पुणे 856, हैदराबाद 905, बेंगलुरू 855.5 रुपए हैं।

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेश उपचार उपलब्ध करायें: कलेक्टर

# सड़क दुर्घटना पीड़ित को गोल्डेन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलेगा पुरस्कार: प्रतिभा पाल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेश उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में निजी अस्पताल प्रबंधकों की बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को उपचार दिलाये जाने के लिये सभी अस्पताल पोर्टल में 5 अगस्त तक पंजीबद्ध हों तथा पीड़ितों को कैशलेश उपचार सुनिश्चित करायें।




कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को राहगीर योजनान्तर्गत 25 हजार रूपये का पुरस्कार भी दिया जायेगा अत: सभी अस्पताल में रजिस्टर संधारित करें तथा उसमें पहुंचाने वाले का नाम व मोबाइल नं. अंकित करें।

कलेक्टर ने बताया कि कैशलेश उपचार उपलब्ध कराने के उपरांत संबंधित अस्पताल को शासन द्वारा राशि का भुगतान किया जायेगा। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी अस्पताल दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा उपचार देंगे ताकि संबंधित मरीज की जांच बच सके साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दें और दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति का विवरण रजिस्टर में दर्ज करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ल ने अस्पताल प्रबंधकों से अपेक्षा की कि नियत समय तक पोर्टल में आवश्यक जानकारी दर्ज करायें तथा अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करें ताकि कैशलेश योजना के तहत राशि संबंधित अस्पताल को मिल सके।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन अब 13 अगस्त तक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गयी है। विद्यार्थी अब 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर अब 13 अगस्त कर दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो ऐसे विद्यार्थी 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार विद्यार्थियों को कक्षा 6 में प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ और विवरण नवोदय डॉट जीओभी डॉट इन लिंक पर भी प्राप्त की जा सकती हैं। इसका आवेदन पत्र वेबसाइट सीबीएसईआईटीएमएस डॉट आरईआईएल डॉट जीओभी डॉट इन पर किया जा सकता है।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर द्वारा कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में वर्तमान सत्र (2025-26) हेतु रिक्त स्थानों के लिए विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से आगामी 10 अगस्त तक किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट नवोदय डाट जीओव्ही डाट इन से डाउनलोड कर भरा जा सकता है और विद्यालय के ईमेल जेएनरीवा एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर प्रेषित किया जा सकता है। आवेदन पत्र विद्यालय से कार्यालय समय में निःशुल्क भी प्राप्त किये जा सकते हैं तथा ऑनलाइन आवेदन गूगल लिंक के माध्यम से भी किये जा सकते हैं।

इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का चयन कक्षा 10वीं के प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेगा। आवेदक की जन्म तिथि एक जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होनी चाहिए। आवेदक ने कक्षा 10वीं की परीक्षा सत्र 2024-25 में रीवा जिले से ही कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उतीर्ण की हो। चयन प्रक्रिया नवोदय विद्यालय के नियमों के अनुसार ही पूर्ण की जायेगी।

# 2 अवैध कॉलोनियों पर चला निगम का बुलडोजर

## नियमों को ताक पर रखकर मनमानी तरीके से बनाया, आयुक्त बोले- कार्रवाई जारी रहेगी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर रीवा में दो अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने जेसीबी मशीन से कॉलोनियों में बनी सड़कों और सीमा-दीवारों को तोड़ कर अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई से पहले पर्याप्त नोटिस दिए जाने के बाद भी निर्माण नहीं हटाने पर यह कदम उठाया गया।




**दो कॉलोनियों का अवैध निर्माण तोड़ा:** नगर निगम ने बताया कि जोन क्रमांक-1 के चोरहटा क्षेत्र में विंड ग्रुप सहित दो कॉलोनियों में अवैध निर्माण हुआ था, जिन्हें बिना वैध अनुमति भूखंडों में बांटकर कॉलोनी विकसित की गई थी। निगम ने पहले चेतावनी और नोटिस जारी की, लेकिन जब निर्माण नहीं हटा, तो कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह के नेतृत्व में बुलडोजर चलाया गया।

**पुलिस बल रहा तैनात:** उन्होंने 2.6752 हेक्टेयर और 0.5606 हेक्टेयर भूमि की आवंटित कॉलोनियों में सड़क एवं सीमा दीवारें ध्वस्त कर दीं। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारी पुलिस बल तैनात था।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 20वीं किश्त राशि का वितरण आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में उत्तरप्रदेश के वाराणसी में 2 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 20वीं किस्त वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत किसानों को वर्ष में 6 हजार रूपये की राशि 3 समान किस्तों में प्रदान की जाती है।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास को निर्देशित किया है कि जिले में इस अवसर पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला, ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जायेगा। जिला, ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया जाये और जिले की ग्राम पंचायतों में भी व्यवस्था कर कार्यक्रम का प्रसारण करायें। कलेक्टर ने इस योजना के अंतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिये विलेज नोडल ऑफिसर नामांकित किया है। विलेज नोडल ऑफिसर संबंधित कृषकों को भी वर्चुअली कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये प्रेरित करेंगे और हितग्राहियों को किस्त प्राप्त करने के लिये ई-केवायसी, आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग और पीएम किसान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम से जुड़ने के लिये वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक का उपयोग करें। साथ ही इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

**जिला स्तरीय कार्यक्रम केबीके मझगवां में:** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20वीं किस्त का वितरण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 2 अगस्त को वाराणासी उत्तरप्रदेश से करेंगे।

## तुलसी जयंती समारोह का हुआ भव्य शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग की जनजाति लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के अंतर्गत संचालित तुलसी संस्थान चित्रकूट द्वारा दो दिवसीय आयोजन तुलसी जन्म जयंती समारोह का भव्य शुभारंभ तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट के सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रथम दिवस उज्जैन से आये वेद नाट्य रंगमंच के कलाकारों द्वारा श्री रामचरित मानस पर आधार पर उल्लेखित लक्ष्मण की धर्मपत्नी उर्मिला पर केंद्रित उर्मिला, यशोगन के जीवन दर्शन पर आधारित उनकी तप साधना पर केंद्रित भाव पूर्ण नाट्य मंचन की अद्भुत प्रस्तुति की गई। इसके पूर्व ग्वालियर से आई विदुषी डॉ. उमा कंपुवाले ने श्री रामचरितमानस पर आधारित गोस्वामी तुलसीदास को आधार मानते हुए नवधा भक्ति पर केंद्रित श्री राम कथा साहित्य विषय पर सारगर्भित उद्बोधन प्रदान किया गया। अपने उद्बोधन में उनके द्वारा भगवान श्रीराम के विभिन्न जीवन चरित्र को भावपूर्ण ढंग से स्थापित करते हुए उपस्थित जनसमूह को अपने शोध परक प्रस्तुति को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संत भैरव दास महाराज, सेवानिवृत्त प्राध्यापक हिन्दी ग्वालियर अवधेश कुमार चंसौरिया, डॉ. रामगोपाल, तुलसी शोध संस्थान के प्रभारी निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य उनके साथ प्रवासी आदिवासी छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर संपूर्ण कार्यक्रम का शैक्षणिक अनुशीलन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट से डॉ. आरके पाण्डेय द्वारा किया गया। प्रथम दिवस के अवसर पर चित्रकूट धाम के पूज्य संत मनीषी और बडी संख्या में दर्शक श्रोता भक्तों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर रामगोपाल भावुक जी द्वारा लिखित शंबूक बद्ध भवभूति के नाटक का लेखन सारगर्भित पुस्तक के रूप में लेखन कार्य किया गया है। जिसका संपादन तुलसी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. दीपक कुमार गुप्ता द्वारा किया गया है। इसका विमोचन भी 31 जुलाई को किया जा चुका है।



# चलती ट्रेन में महिला का बैग चोरी

## जीआरपी ने खजुराहो से बदमाश को किया गिरफ्तार, सामान बरामद





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** चलती ट्रेन में महिला यात्री का बैग चोरी करने वाले बदमाश को रीवा जीआरपी खजुराहो से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से सोने की चेन, अंगूठी और नकदी समेत बैग बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, 28 जुलाई को प्रयागराज से अंबेडकर नगर जा रही एक ट्रेन में महिला यात्री का बैग चोरी हो गया था। महिला ने रीवा जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई थी। बैग में करीब 12 हजार नकद के अलावा सोने की चेन और अंगूठी थी।

जीआरपी ने मामले की जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर खजुराहो से आरोपी संजय सेन (पिता चंद्रप्रताप सेन) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से महिला का बैग और सभी सामान बरामद कर लिया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि महिला ट्रेन में सिर के नीचे बैग रखकर सो रही थी। इसी दौरान उसने बैग चोरी कर लिया और अगले स्टेशन पर ट्रेन से उतर गया। थाना प्रभारी आरएस ठक्कर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अति-वृष्टि एवं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी: मंत्री विजयवर्गीय

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी है कि प्रदेश में अति-वृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रभावित क्षेत्रों में चलाये जा रहे राहत कार्यों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में अभी तक औसत 703.33 मि.मी वर्षा हो चुकी है जो सामान्य से 60 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बारिश बहुत ही कम समय में तेजी से हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कई बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव कार्य संबंधी सभी जिला कलेक्टर्स, पुलिस अधिकारियों और राहत कार्य से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव से जुड़े कार्यों में ढ़िलाई न बरती जाये।

**एनडीआरएफ क्विक रिस्पांस टीम आदि की तैनाती:** नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ) की 5 टीमों में से भोपाल में 2, जबलपुर, ग्वालियर तथा धार में एक-एक टीम तैनात की गई है। इन टीमों के अलावा 3 टीमों को अशोकनगर, श्योपुर तथा ग्वालियर में तैनात किया गया है। एन.डी.आर.एफद्वारा 2 रेस्क्यू ऑपरेशन में 22 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल (एस.डी.इ.आर.एफ) को बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के लिये अत्याधुनिक बचाव उपकरण उपलब्ध कराये गये है। प्रदेश के 259 संवेदनशील क्षेत्रों में डिजास्टर रिस्पाँस सेंटर स्थापित किया गया है। इसी के साथ 111 क्विक रिस्पाँस टीम (क्यूआरटी) तैनात की गई है। प्रदेश के 11 जिलों में 3 हजार 300 आपदा मित्र वॉलंटियर्स को प्राथमिक सहायता के लिए प्रशिक्षित किया गया है। राज्य में 80 हजार 375 सिविल डिफेंस वालंटियर को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित किये गये वालंटियर्स की सेवाएँ राहत और बचाव कार्यों के लिये ली जा सकेंगी।

## ज्ञानोदय स्कूल में प्रवेश का अवसर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया के लिये शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए गणित संकाय, जीव विज्ञान संकाय तथा वाणिज्य संकाय में प्रवेश दिया जा रहा है। इनमें अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका और अनुसूचित जाति सामान्य, पिछड़ावर्ग, बीपीएल कार्डधारी व अन्य के लिए प्रवेश का अवसर है। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी एवं आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त किये जायेंगे। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त को शांय 4 बजे तक निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा 12 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी। कक्षा 7वीं, कक्षा 8वीं, एवं 9वीं में प्रवेश की प्रक्रिया प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के मैरिट लिस्ट के आधार पर किया जायेगा।

# सड़क दुर्घटना होने पर ईडार के माध्यम से किये जाने वाली, कार्यवाही की कलेक्टर ने की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिले में सड़क दुर्घटना होने पर ईडार पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाली कार्यवाही की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि संबंधित थाना से ईडार में समस्त जानकारी व डाटा इंट्री अपलोड करने के उपरांत संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी कार्यवाही सुनिश्चित करें।



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों तथा मुख्य सड़कों में दुर्घटनाओं के अधिक प्रकरण सामने आते हैं। संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी थानों द्वारा दर्ज किये एफआईआर के उपरांत संपूर्ण विवरण अनुसार कार्यवाही करें। दुर्घटना संभावित स्थानों में सड़क सुधार, प्लेटफार्म निर्माण तथा संकेतक आदि लगाकर दुर्घटना से बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने पुलिस विभाग के साथ ही सड़क निर्माण एजेंसियों के प्रमुखों को शामिल कर वाट्सअप ग्रुप बनाने के निर्देश बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण विभाग यूजर आईडी पासवर्ड का उपयोग करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि प्रति सप्ताह यह बैठक आयोजित करें। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।